# City24News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 13 | पेज 8 | शनिवार 13 जनवरी, 2024 | संपर्कः 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


# 1.80 लाख रूपए से कम आय वाले परिवारों के लगभग 60,000 युवाओं को जल्द ही मिलेगा रोजगार

**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन में मिशन 60,000 की करी शुरूआत**

**साथ ही ग्रुप सी और डी के 60,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आगामी कुछ माह में होगी पूरी**

**प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का गौरव और सम्मान-मनोहर लाल**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने की मुख्यमंत्री की ईमानदार कार्यशैली की तारीफ**




**सिटी 24 न्यूज**

**कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मिशन 60000 की घोषणा करते हुए कहा कि आगामी समय में 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। इसके अलावा, 60,000 ग्रुप सी और डी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आगामी कुछ माह में पूरी होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज कुरूक्षेत्र में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन 60,000 के तहत, प्रदेश सरकार 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 7,500 युवाओं को वन मित्र बनाएगी। इसके अलावा, एचकेआरएन के माध्यम से 15,000 संविदा कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए 10,000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, सीएससी के लिए 7,500 ई-सेवा मित्र नियुक्त किए जाएंगे और विदेशी सहयोग विभाग के माध्यम से 5,000 ऐसे युवाओं को विदेश में रोजगार की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री वाले 15,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें ठेकेदार बनने के लिए सशक्त बनाने की भी घोषणा की। सरकार इन व्यक्तियों को बिना किसी संपार्श्विक की आवश्यकता के एक वर्ष के लिए 3 लाख रुपये का ऋण देगी। इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित युवाओं को 25 लाख रुपये तक के कार्यों के लिए कोई गारंटी नहीं देनी होगी। बल्कि यह गारंटी सरकार देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य ऐसे गरीब परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाना है, जिससे वे गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) सीमा को पार करने में सक्षम हो सकें।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अभी ग्रुप सी और डी के सीईटी परीक्षा परिणाम प्रोसेस में हैं। ग्रुप डी के लिए, लगभग 3.25 लाख उम्मीदवारों ने सीईटी परीक्षा में भाग लिया और परिणाम आज शाम तक घोषित होने की उम्मीद है। हम अगले 15 दिनों के भीतर 13,500 ऐसी नौकरियां पत्र उम्मीदवारों को दे देंगे। इसके अलावा, ग्रुप सी के लिए भर्ती प्रक्रिया सक्रिय रूप से चल रही है। हमारा लक्ष्य अगले कुछ माह के भीतर ग्रुप सी और डी दोनों के लिए लगभग 60,000 नौकरियां प्रदान करना है। इसके साथ ही वर्तमान सरकार ने अब तक 1.70 लाख सरकारी नौकरियां देकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का गौरव और सम्मान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानन्द ने 19वीं सदी में देशवासियों में स्वाभिमान और गौरव की लौ जलाई, उसी प्रकार 21वीं सदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर भारत का गौरव और सम्मान बढ़ाया है। आजादी के बाद किसी ने भी विश्व स्तर पर भारत को इतना प्रमुख स्थान दिलाने की दिशा में काम नहीं किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समर्पित प्रयासों से आज भारत विश्व की 5वीं आर्थिक शक्ति बना है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। 1893 में, उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जहाँ हमारे देश को उनके महान आधयातमिक प्रतिनिधित्व के लिए विश्व मंच पर सम्मान और मान्यता मिली। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सरस्वती वाटिका विकास कार्य का भी शिलान्यास किया। इस प्रोजेक्ट पर तीन चरणों में 3.68 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

**मुख्यमंत्री की कार्यशैली में बढ़ा है युवाओं का विश्वासः नायब सैनी**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल युवाओं के लिए काबिले तारीफ कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री के कारण ही आज युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के नौकरियां मिल रही है। इस तरह की फीडबैक विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्राओं के दौरान भी मिल रही है। प्रत्येक गांव से युवा बेटे और बेटियां उच्च पदों पर सरकारी नौकरियों पर लगे है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में एक ऐसी कार्य प्रणाली स्थापित की है। इस कार्य प्रणाली से युवाओं के साथ-साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का विश्वास बना है और युवा वर्ग अपने आपको सुरक्षित महसूस करने लगा है। उन्होंने कहा कि इससे पहली सरकारों में युवा वर्ग खूब मेहनत करता था, लेकिन चक्कर काटने के बावजूद सरकारी नौकरियां नहीं मिल पाती थी। लेकिन आज युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची और योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। इस युवा वर्ग को प्रदेश सरकार ने एक नई राह दिखाने का काम किया है।

इस युवा महासम्मेलन में राज्यमंत्री संदीप सिंह, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने भी प्रदेशवासियों को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के युवाओं को एक नई राह दिखाने का काम किया है। आज प्रदेश का युवा अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची का रोजगार देने का काम किया है। विधायक सुभाष सुधा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा शक्ति का विश्वास जीतने का काम किया है। इस सरकार ने युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां और रोजगार के अवसर प्रदान किए, जबकि पिछली सरकारों के कार्यकाल में युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए चक्कर काटने पड़ते थे। भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने विवेकानंद युवा महासम्मेलन को सफल बनाने पर प्रदेशवासियों के साथ-साथ मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर करनाल से सांसद संजय भाटिया, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, सूचना, जनसंपर्क, राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, एडीसी अखिल पिलानी, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, भाषा एवं संस्कृति विभाग के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे, जिप चेयरमैन कवंलजीत कौर, जिप उपाध्यक्ष डीपी चौधरी आदि उपस्थित थे।

# बीजेपी, जेजेपी व अन्य दलों को छोड़कर 2 दर्जन नेता कांग्रेस में हुए शामिल

**हरियाणवियों को नौकरियों से वंचित करना है बीजेपी-जेजेपी की नीति- हुड्डा**

**एचपीएससी की परिक्षाओं से हरियाणा जीके गायब करने अन्य राज्य के लोगों को भर्ती करना चाहती है सरकार- हुड्डा**

**पटवार एवं कानूनगो से किए अपने वादे को निभाते हुए इनकी मांगें पूरी करे सरकार- हुड्डा**

**यूरिया बैग का वजन घटाकर सरकार ने फिर किया किसानों के साथ धोखा- हुड्डा**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एचपीएससी की परीक्षा से हरियाणा जीके खत्म करने, पटवारी व कानूनगो के धरने-प्रदर्शन और यूरिया बैग का वजन घटाने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा आज पार्टी में 2 दर्जन से ज्यादा नेताओं की ज्वाइनिंग के मौके पर बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने एचपीएससी द्वारा सहायक पर्यावरण अभियंता भर्ती को लेकर जारी सिलेबस पर टिप्पणी की।

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार हरियाणवी युवाओं को नौकरियों से पूरी तरह वंचित करना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर सरकारी भर्तियों के लिए ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं, जिसका अन्य राज्य के युवाओं को लाभ हो सके। एचपीएससी द्वारा सिलेबस से हरियाणा जीके को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। एचएसएससी और एचपीएससी की भर्तियों लगातार गैर-हरियाणवियों को तरजीह देने के लिए यहीं नीति अपनाई जा रही है। एसडीओ, बीडीपीओ, लेक्चरर से लेकर सहायक पर्यावरण अभियंता तक हर भर्ती में हरियाणवियों के साथ इसी तरह की साजिश हो रही है।

अब एचपीएससी ने एसीएस परीक्षा के लिए भी उन अभ्यार्थियों को अप्लाई करने की छूट दे दी है जिनके पास हरियाणा डोमिसाइल नहीं है। बिना डोमिसाइल के ही वह खुद को हरियाणा का रेजिडेंस बता सकते हैं। इससे इससे पहले बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा डोमिसाइल के नियमों में फेरबदल करके 15 साल की शर्त को घटाकर 5 साल कर दिया था। सरकार द्वारा यह तमाम नीतियां इसलिए बनाई जा रही हैं कि हरियाणा की नौकरियों में हरियाणवी युवाओं का ही चयन ना हो पाए। जबकि तमाम राज्य अपनी नौकरियों में स्थानीय युवाओं को तरजीह देने के लिए नीतियां बनाते हैं।

पटवार एवं कानूनगो संगठन द्वारा जारी धरना-प्रदर्शन को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने इनके साथ धोखा किया है। पिछली बार सरकार ने इनकी मांगे मानने का आश्वासन दिया था। लेकिन उसपर अमल नहीं किया। इसी वजह से पटवारी और कानूनगो 3 जनवरी से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते सरकारी कामकाज बाधित हो रहे हैं और जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि सरकार कर्मचारियों से किए अपने वादे को निभाए और इनकी मांगों को पूरा करे।

हुड्डा ने बयान जारी कर कहा कि है ये सरकार कर्मचारी, जवान और किसान समेत हर वर्ग की दुश्मन बनी हुई है। किसानों के साथ एक बार फिर धोखा करते हुए यूरिया बैग के वजन को घटाकर 45 से 40 किलो कर दिया गया है। जबकि किसान को इसके लिए पहले जितनी कीमत ही चुकानी पड़ेगी। इससे पहले 50 किलो के बैग का वजन घटकर 45 किलो किया गया था। सरकार लगातार खाद, बीज, दवाई और पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाकर किसानों की लागत में इजाफा कर रही है। इसके चलते खेती घाटे का सौदा बन गई है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मौजूदा सरकार से हर वर्ग पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। यही वजह है कि जनता अब कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। हरियाणा में कांग्रेस का कुनबा लगातार मजबूत हो रहा है। इसी कड़ी में आज बीजेपी, जेजेपी व अन्य दलों को छोड़कर करीब 2 दर्जन नेता कांग्रेस में शामिल हुए।

इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। कांग्रेस ज्वाइन करने वालों में वेदपाल भनवाला (पूर्व अध्यक्ष, हलका जुलाना (JJP) पूर्व अध्यक्ष, पंचायती राज, जींद, पूर्व सरपंच, सिवाह), देवेंद्र आर्यनगर(पूर्व हजकां प्रत्याशी, हल्का बाढ़डा), बलजीत (जिला पार्षद), राजकुमार कनोडिया (LJP), सिलक राम पौली (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, जुलाना, JJP), सुमेर सिंह सबरवाला, उपाध्यक्ष SC सेल जींद (JJP), सुबेदार नरेश मेहरडा, पूर्व हलका अध्यक्ष, स्ष्ट सेल, जुलाना (JJP), राजेश दलाल, पूर्व हलका उपाध्यक्ष, जुलाना (JJP), सुबेदार आजाद बाल्मिकी, पूर्व महासचिव, जींद (JJP), गंगा दास (सचिव, विकास मंच जुलाना), रोहतास रामकली, पूर्व उपाध्यक्ष, किसान सेल, जींद (JJP), अनिल, पूर्व अध्यक्ष, स्पोर्टस सेल, जुलाना (JJP), कप्तान घीमाना, पूर्व सचिव, जींद (JJP), मनिंदर भनवाला, पूर्व उपाध्यक्ष, किसान सेल (JJP), रोहताश (सरपंच, नंदगढ़), महेश योगी जी महाराज, समुंद्र मलिक, पूर्व उपाध्यक्ष, जुलाना (JJP), परमेन्द्र (सदस्य ब्लॉक समिति वार्ड नंबर-21, जुलाना), पाला राम, प्रधान बाल्मिकी समाज बारहा (तपा), मोहरपाल तंवर (BJP), कशिश (JJP), जय (BJP), अमित (JJP), प्रिंस यादव (BJP), मोहित तंवर (BSP), मोहित जाट (BSP), लक्की (AAP), मनप्रीत (AAP), पवन जांगडा (BJP), मोहित जांगडा (INLD), सत्यव्रत (सरपंच), रामपाल (पूर्व सरपंच, रामगढ), नरेश कोच (पूर्व सरपंच, रधाना), रामकुमार, राजकुमार, शेरसिंह, नरेश, अजीत, नरेश, महताब, संजय, धन सिंह, नरेंद्र, अमित, प्रदीप, मनोज, गुलाब, अशोक, अत्तर सिंह, प्रदीप, रौनक, सुमन आदि शामिल रहे।

# सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है गाड्डे लोहारो की मदद करें : नवीन जयहिन्द

**जयहिन्द की सरकार से अपील गाड्डे लोहारो की रहने की जगह सुनिश्चित की जाए**

**गाड्डे लोहारो के 2 साल के बच्चे की ठंड के कारण मौत, जयहिन्द पहुंचे सांत्वना देने**



**सिटी 24 न्यूज**

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद गत शुक्रवार को रोहतक नए बस स्टैंड के नजदीक रह रहे गाड्डे लोहार से मिलने पहुंचे ।

जयहिंद को जब सूचना मिली कि इनका 2 साल का बच्चा ठंड की वजह से मर गया । सूचना प्राप्त करते ही जयहिंद तुरंत परिवार से मिलने पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने इस मौके पर प्रशासन और सरकार से अपील की कि इस कड़कती ठंड में इन परिवारों को बसेरा दिया जाए । यह सिर्फ रोहतक ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगह पर फुटपाथ पर तरह रह रहे हैं। बारिश, गर्मी और सर्दी का प्रकोप पक्का घर न होने की वजह से इन के परिवारों को झेलना पड़ रहा है। जयहिंद ने कहा कि जब इनके पूर्वज महाराणा प्रताप की सेना में थे तो उस दौरान उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक महाराणा प्रताप या उनके वंशजो का राज न आ जाए तब तक ऐसे ही बिना छत के अपना जीवन यापन करेंगे। नवीन जयहिंद ने आगे कहा कि ऐसे में समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी बनती है कि इन परिवारों की मदद की जाए। हर बार इनके परिवार का कोई न कोई सदस्य बिगड़ते मौसम में घर न होने की वजह से मर जाता है।

जयहिंद ने सरकार से अपील की कि इनके रहने के लिए जगह सुनिश्चित के साथ साथ घर दिए जाए ताकि भविष्य में इस तरह की कोई अप्रिय घटना न हो।

# हरियाणा में सफाई के नाम पर बहाया अरबों रुपया, स्वच्छता सर्वे में गिरे औंधे मुंह : कुमारी सैलजा

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़, 12 जनवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि बिना कुछ करे-धरे प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार अपनी पीठ खुद थपथपाने में लगी रहती है जबकि धरातल पर उसका कोई काम नजर नहीं आ रहा है। साफ-सफाई के नाम पर अरबों रुपये सालाना पानी की तरह बहा दिया जाता है पर सर्वे में हरियाणा औंधे मुंह गिरा हुआ है। पहले पांचवें स्थान पर रहा हरियाणा आज 14 वें स्थान पर लुढ़का हुआ है पर सरकार इसे लेकर भी गंभीर नहीं है, सरकार ने कभी सफाई कर्मियों की भर्ती पर ध्यान नहीं दिया जो काम कर रहे है उनमें से आधे अधिकारियों और सत्ता पक्ष के लोगों के घरों में लगे हुए है। सरकार प्रदेश कुछ जिलों को छोड़कर अन्य में कचरा निस्तारण का प्रबंध तक नहीं कर पाई जहां देखों कूड़े के पहाड़ से दिखाई देते है। इतना ही नहीं आज तक घरों से सूखा और गीला कूड़ा अलग अलग नहीं लिया गया।



मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 की रैंकिंग में हरियाणा का जोर का झटका लगा है, एक लाख की आबादी वाले शहरों में हरियाणा के शहर टॉप 100 की सूची में से साफ हो गए है तो स्टेट रैंकिंग में हरियाणा पांचवें स्थान से लुढ़ककर 14 वें स्थान पर आ गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश सरकार कैसा काम कर रही है, सफाई में जब उसकी रैंक गिर रही है तो बड़े कामों में क्या स्थिति होगी अंदाजा लगाया जा सकता है। रैंकिंग में गिरावट इस बात की ओर से साफ इशारा कर रही है कि हरियाणा में साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रही है। प्रदेश की नगर पालिका, परिषद, नगर निगम आज घोटालों के केंद्र बनकर रह गए है, कई नगर निगम में 80 लाख रुपये से लेकर 300 करोड़ तक के घोटाले हुए है, सरकार मानती पर मानती नहीं है, जांच के नाम पर लीपापोती होती है अगर जांच सही पाई तो सरकार की बदनामी होगी ऐसे में सरकार जांच के नाम पर खानापूर्ति करती रहती है।

प्रदेश सरकार कचरा निस्तारण का उचित प्रबंध तक नहीं कर पाई, शहरों में कूड़े के पहाड़ से दिखाई देते है। हरियाणा को सबसे कम अंक कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में मिले हैं। सरकार कचरा प्रबंधन के नाम पर पानी की तरह से पैसा बहा रही है पर उसने अधिकारियों से कभी नहीं पूछा पैसा कहां लगाया गया है, अधिकारी कागजों का पेट भरकर सरकार के समक्ष रख देते हैं, सरकार आंकड़े देखकर ही अधिकारियों की पीठ और थपथपा देती है।

प्रदेश के सभी शहरों की रैंकिंग काफी नीचे तक गिरी है। प्रदेश के छोटे शहर तो टॉप एक हजार की सूची से बाहर हो गए है, प्रदेश में गोहाना ऊपर है। सबसे अहम बात ये है कि जिन शहरों में मंत्रियों के आवास है उन शहरों की रैंकिंग गिरी है। जो मंत्री अपने शहर की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे है वे कैसे पूरे प्रदेश का ख्याल रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जुमलेबाज सरकार को हकीकत से रूबरू होना चाहिए पर सच्चाई ये है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है, प्रदेश की जनता को सपनों को साकार करने वाली सरकार चाहिए।

# गदपुरी थाना पुलिस ने वर्ष 2010 के सड़क दुर्घटना मामले में अदालत से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा पीओ एवं बेल जंपर की धरपकड़ के बारे में अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत गदपुरी थाना पुलिस ने वर्ष 2010 के सड़क दुर्घटना मामले में जमानत के बाद आरोपी निर्धारित तारीखों पर ना पहुंच कर अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी करार दिया गया और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।थाना गदपुरी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया की थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक शिव कुमार के नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम गश्त पर थी और उसी समय टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की गांव बिसंबरा जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक जो मुकदमा नम्बर 183/2010 धारा 279 304 ए आईपीसी में माननीय अदालत से जमानत उपरांत गेर हाजिर होने के कारण पीओ घोषित



हो गया है जो सवारी के इंतजार में सोफ्ता मोड खड़ा हुआ है। सूचना पर टीम ने तुरंत दबिश देकर युवक को काबू किया। अदालत के आदेशो की अवहेलना करने पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 ए के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज पेश अदालत किया गया जहां अदालत में आरोपी को कारागार के आदेश दिए।

## माह दिसंबर 2023 के लिए आवंटित सरसों तेल के वितरण की अवधि 31 जनवरी 2024 तक बढ़ाई: डीसी नेहा सिंह

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**



**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा मास दिसंबर 2023 के लिए आवंटित सरसों तेल के वितरण की अवधि 31 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास दिसंबर 2023 हेतु आवंटित सरसों का तेल प्राप्त करने से वंचित रह गए है, वह अपने नजदीकी डिपोधारक से आगामी 31 जनवरी 2024 तक माह दिसंबर 2023 का सरसों का तेल प्राप्त कर सकते है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के मुख्यालय के निर्देशानुसार वर्तमान में सभी बी.पी.एल. व ए.ए.वाई. राशनकार्ड धारकों को दो लीटर सरसों का तेल 20 रुपए प्रति लीटर प्रति कार्ड के हिसाब से वितरण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विभाग के अधिकारियों क्रमश: सहायक खादय एवं पूर्ति अधिकारी पलवल के मोबाइल नंबर-7982037233, पी.डी.एस. इंचार्ज होडल के मोबाइल नंबर-9812830139 तथा पी.डी.एस. इंचार्ज हथीन के मोबाइल नंबर-9518450421 पर संपर्क किया जा सकता है।

# 24 जनवरी को होगी गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल : एडीसी साहिल गुप्ता

**जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर दिए जरूरी दिशा-निर्देश**



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** एडीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस को धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने को लेकर जिलाधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तर के गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां एवं प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीसी साहिल गुप्ता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों के चयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाते हुए कहा कि सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सामाजिक उपदेश, राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होनी चाहिए। समारोह में सरकार द्वारा क्रियानवित जनकल्याणकारी नीतियों को प्रदर्शित करती हुई झांकियां भी शामिल की जाएं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों की शहर में स्थापित शहीदी स्मारक की साफ-सफाई एवं रंग रोगन सहित अन्य जिम्मेदारी लगाई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एंबुलेंस, पेयजल, बिजली आपूर्ति, रंगोली, साफ-सफाई, पुलिस विभाग यातायात, झंडे, साजो-सज्जा, टैंटेज, चूना, बेरिकेड, साउंड सिस्टम, शौचालय व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल करवाई जाएगी। गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को समय पर पूरी कर लें। इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार, एसडीएम रणवीर सिंह, चीनी मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक डा. चंद्रभान सोनी, जिला उद्यान अधिकारी डा. अब्दुल रज्जाक सहित पब्लिक हैल्थ, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, पुलिस, नगर परिषद, विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पलवल में तेज रफ्तार की वजह से होंडा इमेज गाड़ी ने पीछे से मारी पिकप गाड़ी में टक्कर

## गाड़ी में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में नेशनल हाईवे 19 पर डीसी रेडिजेंस के सामने एक होंडा इमेज गाड़ी ने पिकअप गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी । यह टक्कर इतनी तेज थी की गाड़ी में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पलवल के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। पलवल में फिर एक बार रफ्तार का कहर देखने को मिला। नेशनल हाईवे 19 पर डीसी रेजिडेंस के सामने एक होंडा इमेज गाड़ी ने पीछे से पिकअप गाड़ी में टक्कर मार दी । टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास से गुजरने वाले लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को पलवल के नागरिक अस्पताल में भर्ती



कराया जहां डॉक्टरों ने घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है । यह दुर्घटना उस समय हुई जब यू पी 14=बी बी 7068 होंडा इमेज गाड़ी में सवार पांच लोग होडल की तरफ से आ रहे थे और ग़ाज़ियाबाद जा रहे थे। जैसे ही यह गाड़ी डीसी रेजिडेंस के सामने पहुंचे तो इमेज गाड़ी की स्पीड इतनी तेज थी कि पीछे से पिकअप गाड़ी में टक्कर मार दी और गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई ।

आसपास से गुजर रहे लोगों ने गाड़ी में सवार पांच लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। यह दुर्घटना सुबह 10:00 बजे हुई और उस समय आसमान में पूरी तरह से धूप खिली हुई थी लेकिन यह हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ । सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

# पलवल में कैंटर ने स्कूटी को मारी टक्कर: बेटे की मौत, पिता घायल; दादा के अंतिम संस्कार में जा रहा था पौत्र

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में दादा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे पौत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक अपने पिता के साथ स्कूटी पर सवार होकर गुरुग्राम से अपने गांव जा रहा था। नैशनल हाईवे-19 पर किठवाड़ी चौक पर स्कूटी सवार पिता-पुत्र को कैंटर ने टक्कर मार दी, जिसमें बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका पिता घायल हो गया। कैंप थाना पुलिस ने घायल पिता की शिकायत पर आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। कैंप थाना की



किठवाड़ी पुलिस चौकी प्रभारी अजीत नागर के अनुसार, जिला गौतमबुद्ध नगर (यूपी) के जहांगीरपुर निवासी रवि मति ने दी शिकायत में कहा है कि वह गुरुग्राम संथित एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। गुरुग्राम में ही किराए के मकान में रहता है। उसका 16 वर्षीय बेटा डैनियल भी उसके साथ गुरुग्राम में ही रहता था। उसे सूचना मिली की उसके पिता राजू मति का निधन हो गया है। पिता की मौत की सूचना पाकर वह तुरंत अपने बेटे डैनियल के साथ स्कूटी पर सवार होकर गुरुग्राम से अपने जहांगीरपुर गांव के लिए निकल पड़ा। लेकिन जब उनकी स्कूटी नेशनल हाईवे-19 से पलवल-अलीगढ़ के लिए मुड़ने लगी तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। कैंटर का पहिया उसके बेटे के सिर से ऊपर से गुजर गया । स्कूटी में टक्कर लगने से दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान कैंटर का पहिया उसके बेटे के सिर से ऊपर से गुजर गया। जिससे उसके 16 वर्षीय बेटे डैनियल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिता घायल हो गया। राहगीरों ने दोनों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके बेटे डैनियल को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक को कैंटर सहित काबू कर लिया है। चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पलवल ने चोरों ने मकान के ताले तोड़े: पिता की मौत पर परिवार गया था गांव; जेवर-नगदी ले गए चोर

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में पिता की गमी में गांव गए उसके बेटे के घर को चोरों ने खंगाल लिया। चोर घर के ताले तोड़कर घर में रखे एक लाख दो हजार रुपए नगद व लाखों के सोने के आभूषणों को चोरी कर ले गए। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्य नारायण के अनुसार, कैलाश नगर निवासी राजेश कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता का सात जनवरी को स्वर्गवास हो गया था। जिसके चलते उसका पूरा परिवार पलवल कैलाश नगर संथित अपने मकान का ताला लगाकर गांव में गया हुआ था। पीछे से रात्रि के समय चोरों ने घर में घुसकर तालों को तोड़ दिया और अलमारी में रखे एक लाख दो हजार




रुपए नगद, दो सोने की जंजीर, एक मंगल सूत्र, एक अंगूठी, तीन नाक की लौंग, चाँदी के पाजेब, चुटकी व दो मोटरसाइकिल की चाबी व चार चाँदी के सिक्कों सहित घर के अन्य सामान को चोरी करके ले गए। पुलिस ने मकान मालिक राजेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दो मोटरसाइकिल की चाबी व चार चाँदी के सिक्कों सहित घर के अन्य सामान को चोरी करके ले गए। पुलिस ने मकान मालिक राजेश कुमार की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज तलाश शुरू कर दी है।

**सीसीटीवी की जांच शुरू**

किठवाड़ी पुल चौकी प्रभारी अजित नागर का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर राजेश के मकान के आस पास लगे सीसीटीवी की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना की चोरों का सुराग लगाकर जल्द गिरफ्तार कर उनसे चोरी किया सामान बरामद कर लिया जाएगा।

# प्रेरणा एक अनुभवात्मक ज्ञान कार्यक्रम आयेजित

**जिला के दो विद्यार्थी सहित एक अध्यापक को एक सप्ताह के लिए प्रेरणा स्कूल वार्ड नगर गुजरात में विभिन्न विषयों की दी जाएगी जानकारी**

**दल को जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर गुजरात के लिए किया रवाना**



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 10 जिलों से 20 विद्यार्थियों को प्रथम चरण में प्रेरणा स्कूल वाडनगर गुजरात जाने का अवसर मिला है। इस कार्यक्रम के लिए 10 जिलों में से हरियाणा के 2 जिला पलवल एवं सोनीपत को चुना गया। बच्चों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। पलवल जिला के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रेरणा पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया।

रजिस्ट्रेशन के उपरांत उन बच्चों की लिखित परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर द्वारा ली गई। लिखित परीक्षा में से 30 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके उपरांत उन विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया और दो बच्चों का चयन किया गया, जिनमें से एक विद्यार्थी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर पलवल तथा दूसरा विद्यार्थी गोलाया प्रोगेसिव पब्लिक स्कूल पलवल से रहा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार देश से 20 बच्चों का चयन किया गया, जिनको एक सप्ताह के लिए प्रेरणा स्कूल वार्ड नगर गुजरात में भिन्न-भिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। पलवल जिला से दो विद्यार्थी एवं एक अध्यापिका नामत: गणित प्रवक्ता रेखा पांचाल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर के दल को जिला शिक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर गुजरात के लिए रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पलवल मामराज रावत, बीआरसी दयानंद रावत, प्रधानाचार्य राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर विजय कुमार, जिला गणित विशेषज्ञ सुखराम सहित अन्य अधिकारी उपसंथित रहे।

# सरकार ने अंत्योदय व गरीब हितैषी योजनाएं की हैं लागू

# गरीबों और वंचित परिवारों के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है वर्तमान सरकार



**नगर परिषद के वार्डों में भी पहुंची संकल्प यात्रा, लोगों को दिलाई विकसित भारत की शपथ**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में पिछले करीब साढ़े 9 साल से निरंतर गरीब लोगों के हक के लिए न केवल संघर्षरत है, बल्कि सरकार ने ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जोकि पूरी तरह से अंत्योदय व गरीब हितैषी हैं। सरकार का मानना है कि सरकारी योजनाओं व सेवाओं पर पहला हक गरीब व्यक्ति का है। यह वक्तव्य शुक्रवार को विधायक दीपक मंगला ने धौलागढ़ में शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर-08,09,10 के लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक व लाभ देने के लिए पहुंची रथ यात्रा का स्वागत करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इस मौके पर उनके साथ पलवल नगर परिषद के चेयरमैन यशपाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और वंचित परिवारों के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना गरीबों व वंचितों के लिए संकटमोचक का काम किया है। सरकार द्वारा गरीबों की की आमदनी में बढ़ोतरी करने के लिए अनेक योजनाएं क्रियानवित की जा रही हैं। इनमें से एक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का उद्देश्य प्रदेश में सबसे गरीब परिवारों की पहचान करके उनको स्वरोजगार उपलब्ध करवाना है। इस योजना के तहत, कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के उपायों को अपनाया जा रहा है। आज प्रदेश में अति गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा गया है। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने उपसंथिति को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने नमो दीदी ड्रोन की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को घरेलु गैस कनैक्शन सिलेंडर सहित भेंट किए। मुख्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल के बच्चों, खिलाडियों को प्रशसित पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने मुख्य अतिथियों सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

# नाबालिक लड़की के बहला फुसलाकर भगा ले जाने का पुलिस ने किया मामला दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल में नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा कर ले जाने के आरोप में मुंडकटी थाना पुलिस ने नाबालिग के दादा की शिकायत पर 2 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस नाबलिग व दोनों आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा कि उसकी 16 वर्षीय पोती को राजेश नाम का युवक घर से बहला-फुसला कर अपने साथ कहीं भागकर



ले गया। उन्होंने अपने तौर पर बेटी को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। उसकी पोती को स्कूल से एक टैब मिला था, जिसे वह घर पर ही छोड़ गई। उसमें मिले मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया तो दूसरी तरफ से एक व्यक्ति बोला, जिसने बताया कि वह संजीव बोल रहा है और बिहार का रहने वाला है। शिकायत में कहा है कि राजेश व संजीव के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी नाबालिग पोती का सुराग लगाया जाएगा।

पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर राजेश व संजीव के खिलाफ नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस की टीम आरोपियों व नाबालिग की तलाश में जुटी हुई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

# एडवोकेट नितेश अग्रवाल बने प्रदेश प्रवक्ता

## अम्बाला में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

## साथी अधिवक्ताओं व सर्व समाज के लोगों ने दी बधाई

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एडवोकेट नितेश अग्रवाल को अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर उनके साथी अधिवक्ताओं व सर्व समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी। गत दिवस अम्बाला में आयोजित अम्बाला लोकसभा की बैठक के साथ युवा इकाई का भी पुर्नगठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में की गई। बैठक में युवा व छात्र इकाई के प्रदेश प्रभारी नवदीप बंसल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष व अन्य प्रदेश पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर युवा इकाई का पुन: गठन किया गया तथा रेवाड़ी के एडवोकेट नितेश अग्रवाल को युवा इकाई के प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया। एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने अपनी इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष बुवानीवाला, युवा व छात्र इकाई के प्रभारी नवदीप बंसल, युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष रवि गर्ग



बधवानियां, कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट दीपांशु बंसल का भी आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में एडवोकेट नितेश अग्रवाल युवा इकाई के रेवाड़ी जिला अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके है। साथ ही वे भाजपा में जिला मीडिया प्रभारी का प्रभार संभाले हुए है। इतना ही नहीं इसके अलावा भी वे प्रदेश के अनेक सामाजिक संगठनों में अपना अहम योगदान देते आ रहे है। उनको प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व मिलने पर उनके साथी अधिवक्ताओं व सर्वसमाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व प्रधान एडवोकेट राव रघुबीर सिंह, बावल बार के प्रधान प्रवीण यादव, पूर्व प्रधान नितिन कौशिक, पूर्व उपप्रधान शौकीन शर्मा एडवोकेट बिरेन यादव, विरेन्द्र यादव, योगेश बोलनी, पूर्व सचिव प्रवीण शर्मा, पूर्व सहसचिव मोहित जैन, दीपक मंगला एनिमेन्ट पर्सन रेलवे, एडवोकेट एवं पार्षद भूपेंद्र गुप्ता, जयंत यादव, निरंजन यादव, नितिन चावरिया, पूनम शर्मा, रोहन मंगला, प्रिया खिच्ची, संदीप यादव, संजना यादव, सुनीता गज्जीवास, नेहा यादव, यशवनी गिंदोखर, राहुल यादव, सौरभ यादव, एडवोकेट सौरभ गुप्ता, पंकज गोयल, चंद्रमोहन गुप्ता, भानू मित्तल, नितिन गुप्ता, चिराग अग्रवाल, विपुल गुप्ता, शिवम अग्रवाल, डॉ सुरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र रामपुरा, भगतसिंह सांभरिया, ईशान जिंदल, श्रीकिशन डहीना वाले व यश जिंदल सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# जीवन में तरक्की करने के लिए सकारात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाए युवा : महंत मुनेश्वरदास महाराज

## बलवाड़ी में धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बलवाड़ी में स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर श्री सीताराम मन्दिर गद्दी के महंत बाबा मुनेश्वरदास महाराज के सानिध्य में युवा चेतना संगठन के सौजन्य से बड़ी धूमधाम से अंतरास्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड संसाधन समन्यवक खोल राकेश वत्स थे। इसके अलावा भाजपा नेता जीवन राम गर्ग, सरपंच राहुल तिवाडी बलवाड़ी, सरपंच अशोक यादव, रविपाल गोठड़ा, पूर्व सरपंच सत्यरूप खालेटा, बीरेंद्र सिंह चौहान बलवाड़ी, राकेश चौहान, प्रेमपाल अनपढ़ मायन, राम प्रताप चौहान ख़ालेटा, रामपाल पूर्व सरपंच खोल आदि मौजूद थे। महंत मुनेश्वरदास महाराज ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ्ता अभियान को मजबूती करने वाले ग्रामीण सफाई करने वाले ओर स्वास्थ्य सेवा में अपना अहम योगदान देने वाली लगभग 30 लोगो को सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज मे ओर



सराहनीय कार्य करने वाले,शिक्षा और खेलो में उत्क्रष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगो को भी प्रोत्साहित किया गया। युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज सीहा, महासचिव प्रदीप यादव लुहाना और जसबीर पंचायत सचिव मन्दोला ने आये सभी आंगतुकों का आभार जताते हुए सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में महंत मुनेश्वरदास महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओ के प्रेरणास्त्रोत थे और आज के युवाओं को उनके बताए गए आदर्शो पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने जीवन मे तरक्की करने के लिए आज के युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

# समाजसेवी श्यामसुंदर सिंहल स्मृति समारोह संपन्न

## साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल व योगेश वत्स को किया सम्मानित

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जाने-माने समाजसेवी श्यामसुंदर सिंहल की स्मृति में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय में चल रहे जीवन कौशल विकास शिविर तथा युवा संसद के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में पधारी मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी अनुकृति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश चौहान




राष्ट्रपूत ने की। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। समारोह में देश के प्रख्यात बाल साहित्यकार डॉ.घमंडीलाल अग्रवाल तथा युवा फिल्म निर्देशक योगेश वत्स को क्रमश: साहित्य एवं सिनेमा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान हेतु साहित्यश्री व सिनेमाश्री सम्मान से अलंकृत किया गया।

समाजसेवी श्यामसुंदर सिंहल स्मृति मंच के तत्वावधान में आयोजित समारोह के अध्यक्षीय संबोधन में जहां श्री चौहान ने श्री सिंहल के साहित्य, कला, संस्कृति एवं समाज सेवा क्षेत्र में योगदान को समाज हेतु प्रेरणापुंज बताया, वहीं मंच से जुड़े आलोक सिंहल तथा हेमंत सिंहल ने उनसे जुड़े प्रेरक रोचक संस्मरण सुनाए। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी अनुकृति ने सामाजिक संगठनों के शिक्षा तथा समाज के प्रति दायित्व को रेखांकित करते हुए मंच के प्रयासों को प्रेरक करार दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार के ई-अधिगम प्रारूप, सेहत कार्यक्रम, यू डाइस, ड्रॉप आउट, सदन प्रक्रिया स्किल कैंप की विस्तृत जानकारी भी प्रतिभागियों व शिक्षकों से ली। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अग्रवाल तथा फिल्म निर्देशक श्री वत्स ने आयोजन को केंद्र में रखकर विद्यार्थियों को से प्रेरक संवाद किया। इस अवसर पर स्किल कैंप के प्रतिभागियों ने जहां एबीआरसी अनुराधा चौहान व प्राध्यापिका संध्या के निर्देशन में मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भावविभोर कर दिया, वहीं प्राध्यापक नरेश कुमार की देखरेख में युवा संसद की प्रस्तुति बेहद जानदार रही।

विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य के संचालन में आयोजित इस समारोह में मंच ने युवा संसद के लिए 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि, पुस्तकालय के लिए बाल साहित्य तथा कैंप व संसद के सभी प्रतिभागियों के लिए उपहार भेंट किए। मंच के उपाध्यक्ष ऋषि सिंहल ने मंच की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर मंच से जुड़े संदीप गोयल, युवराज, अंकित बंसल के अलावा वरिष्ठ प्राध्यापक प्रहलाद सिंह, हरपाल, मोहनलाल, विजयपाल, अलका, अनिता, सीमा, दिनेश, सतपाल ने मेहमानों को प्रतीक चिह्न भेंट किये।

# एचकेआरएन के तहत लगे हुए अध्यापकों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण हुआ समापन



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर, रेवाड़ी में एचकेआरएन के टीजीटी संस्कृत व कला शिक्षा सहायक अध्यापकों के आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सरस्वती पूजा के साथ संस्थान प्राचार्य सुभाष चंद्र के प्रेरणादायी संबोधन के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण विंग प्रभारी डॉ बीर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक के द्वारा सभी प्रशिक्षुओ विशेष कर कला शिक्षा सहायकों के आठ दिवसीय कार्यों की चित्रकला प्रदर्शनी लगवाकर संस्थान प्राचार्य द्वारा अवलोकन कराया गया तथा दोनों समूह के प्रतिभागियों से प्रतिपुष्टि भी ली गई। इस समापन अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विजय सिंह, श्रीमती मंजू वाला, प्राध्यापक डॉ नीरेन पाल सिंह, डॉ. संगीता, श्रीमती रितु, हवा सिंह व प्रशिक्षक डॉ जगदीश प्रसाद प्राध्यापिका सुमन कुमारी, महेश कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रमिला व पवन आदि के साथ-साथ संस्थान परिवार से संजीव कुमार, राज सिंह, निशा यादव, दीपेंद्र कुमार, योगेश कुमार, ब्रह्म प्रकाश व इंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# सैकड़ों की संख्या में युवा महासमेलन के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र रवाना





**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भाजपा जिला महामंत्री सत्यदेव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी दिन शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के शुभ अवसर पर कुरुक्षेत्र में युवाओं का एक बहुत बड़ा महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा सांसद नायब सैनी शिरकत करेंगे उनके साथ हरियाणा सरकार के मंत्रीगण, विधायक व बहुत से वरिष्ठ भाजपा नेता भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि 12 जनवरी भारतीय इतिहास के आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है ,स्वामी विवेकानंद न सिर्फ भारत अपितु पूरी दुनिया में अपने महान विचारों के लिए याद किए जाते हैं। उन्होंने बताया की भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान के आह्वाहन पर जिला रेवाड़ी से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल मांढैया के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवा इस महासम्मेलन में शामिल होगे। तो वहीं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल मांढैया ने बताया की विवेकानंद युवा महासम्मेलन का आयोजन कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में किया गया है। महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऑनलाइन संवाद भी सुनाया गया। निखिल मांढैया ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी युवा दिवस युवा दिवस को एक विशेष थीम पर मनाया जा रहा है. इस साल की थीम है, इंट्स ऑल इन द माइंड यानी जो भी है सबकुछ आपके दिमाग में है. अगर आप जीवन में सफल होने के लिए दिमाग में कोई टारगेट बना लेते हैं और उसे पाने की हर संभव कोशिश करते हैं तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बाबूलाल छावड़ी, युधवीर फोगाट, नवीन कुमार के साथ साथ युवा मोर्चा के अमन कसाना, अरुण तंवर, अभिषेक डागर, दिनेश मलिक, संजीत सिंह, वीरपाल रालियावास, अजय रामपुरी, मनोज गोठड़ा, इंद्र जाटुसाना, कुलदीप यादव, अमित यादव, विकास कुमार व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 14 जनवरी को 24 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट रेवाड़ी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी को 21वां सर्व जातीय विवाह समारोह का आयोजन करने जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के चेयरमैन रामकिशन गंडाला व प्रधान प्रवीण अग्रवाल सांतो वाले ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारी संस्था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ साथ उनका जीवन सवारने की दिशा में कई वर्षों से कन्याओं का सामुहिक विवाह करते हुए समाज के प्रति सजग प्रहरी की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को दोपहर 1.15 बजे कटला बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में प्रबुद्ध समाजसेवी सुभाष चंद सिंहल द्वारा दीप प्रज्वलित कर 1 बजकर 30 मिनट पर दूल्हा यात्रा प्रारंभ की जाएगी व सुभाष चंद सिंहल श्री श्याम बाबा के रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इस बार 24 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। यह शोभा यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई मॉडल टाउन स्थित हिन्दू हाई स्कूल में पहुंचेगी। जहां पर मुख्य अतिथि रामकिशन गुप्ता भालखी वाले द्वारा बाबा श्याम के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विवाह समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रबुद्ध समाजसेवी व संजय ज्वेलर्स के मालिक संजय बत्रा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर के प्रबुद्ध समाजसेवी व उद्योगपति अशोक सोमाणी करेंगे।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** थाना शहर रेवाड़ी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया की 11 जनवरी 2024 को गस्त के दौरान सूचना मिली कि कर्ण उर्फ कन्नु पुत्र संजय कुमार निवासी नई बस्ती रेवाडी नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है। जो वह अभी कुन्ज गली मे नशीला पदार्थ स्मैक बेचने के लिये खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर तुरन्त रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम कर्ण उर्फ कन्नु पुत्र संजय कुमार निवासी नई बस्ती रेवाडी बतलाया। जो ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 01 ग्राम 35 मिलीग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर रेवाड़ी में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# चेक बाउंस होने पर कोर्ट में नहीं हुआ पेश, अदालत ने किया भगोड़ा घोषित, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए रेवाड़ी पुलिस के पीओं स्टाफ ने अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव रिवासन निवासी मुबारिक खान पुत्र हामीद के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। जिस पर माननीय अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने वीरवार को आरोपी मुबारिक खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन का धरना लगातर जारी



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** दी रेवेन्यू पटवार एवम कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर 12 जनवरी 2024 को ज़िला रेवाड़ी के समस्त पटवारी एवम कानूनगो जिला सचिवालय रेवाड़ी के पास सांकेतिक धरना में हाज़िर रहे। यह सांकेतिक धरना एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर आगामी आदेशों तक जारी रहेगा। अगर फिर भी सरकार यूनियन की मांगों को पूरा नही करती हैं तो यह धरना आगे भी बढ़ सकता हैं।यूनियन अपनी मांग को जो नया वेतनमान सरकार ने 32100 रुपये लागु किया है यह दिनांक 01/01/2016 से नोशनली व जनवरी 2023 से वास्तविक रुप से लागु किया जावे। पिछले साल माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वेतन मान बढ़ाने का जो वादा किया था उसको पूर्ण रूप से अमलीजामा नहीं पहनाया गया, जिससे प्रदेश भर के समस्त पटवारी एवम कानूनगो में भारी रोष है और सरकार से मांग करते है कि यूनियन की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जावे,जिससे की काफी लंबे समय से लम्बित अधूरी मांग पूरी हो सके और आमजन को राहत मिल सके। आज धरना स्थल को नंमबरदार एसोसियेशन के जिला प्रधान ओमप्रकाश व अनेक सामाजिक व कर्मचारी संगठनो ने धरने को संबोधित करते हुऐ अपना नैतिक समर्थन दिया। जिला प्रधान बलजीत यादव व जिला सचिव रणबीर यादव ने संबोधित करते हुऐ अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयो का समर्थन के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर तहसील बावल के सभी नंबरदार व पूर्व नायब तहसीलदार सतपाल यादव, वरिष्ठ उप प्रधान प्रवीन कुमार, विनोद पटवारी, ममता पटवारी, हेमंत पटवारी, शक्ति पटवारी, अजय पटवारी, कुलदीप पटवारी, संजीव, मनोज, राकेश, नरेश गिरदावर, सुधीर, धर्मेंद्र, शमशेर,चमन, सुरेश पटवारी, सहित समस्त पटवारी व गिरदावर उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# नजरिये का दोष

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमारे सहयोगी के साथ बातचीत में भारतीय विदेश नीति और विभिन्न देशों से संबंधों के अहम पहलुओं पर रोशनी डाली। खास तौर पर अमेरिका और कनाडा के साथ संबंधों से जुड़े हिस्से ने अगर लोगों का ध्यान ज्यादा खींचा तो यह बेवजह नहीं है। पिछले कुछ समय में खासकर निज्जर हत्याकांड और कथित पन्नू हत्या साजिश प्रकरण की वजह से तीनों देशों के रिश्तों को मिलाकर देखने का एक ट्रेंड विकसित हो रहा है।

**संदेह की वजह :** इस लिहाज से देखें तो यह बातचीत बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें दो राय नहीं कि कनाडा में हुई खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता की हत्या से यह सारा विवाद शुरू हुआ, जो एक अन्य खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की अमेरिका में रची गई कथित साजिश तक पहुंचा। निज्जर हत्याकांड की जांच पर जोर देने से कई लोग ऐसा मानते हैं कि अमेरिका ने उस मसले पर कनाडा के रुख का समर्थन किया।

**साजिश की जांच :** इसके बाद पन्नू की हत्या की कथित साजिश वाले मामले में भी अमेरिका की यही भूमिका रही। इससे कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनी या बनाई गई कि भारत ने कनाडा और अमेरिका के मामलों में अलग-अलग तरह का रवैया अपनाया। हालांकि भारत की अपनी नीति इन दोनों ही मामलों में बिल्कुल स्पष्ट रही है।

**गैर-जिम्मेदार रुख :** तथ्य यह है कि कनाडा ने न केवल निज्जर हत्याकांड में बल्कि इससे पहले भी कई मौकों पर द्विपक्षीय संबंधों में गैर-जिम्मेदार रवैया अपनाया है। देश में चला किसान आंदोलन हर लिहाज से अंदरूनी मामला था, लेकिन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो दुनिया के इकलौते पीएम थे जिन्होंने इस मसले पर खुलकर बयानबाजी की। यही नहीं, कनाडा सरकार भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को लंबे समय से अभिव्यक्ति की आजादी की ढाल देती रही है।

**अलग-अलग नजरिया :** निज्जर हत्याकांड में जिस तरह कनाडा सरकार ने सार्वजनिक बयानबाजी से ही शुरुआत की और बाद में भी अपने आरोपों को तथ्यों से पुष्ट नहीं किया, उसके एकदम विपरीत अमेरिका ने न केवल सार्वजनिक बयानबाजी से परहेज किया बल्कि भारत के साथ तमाम सूचनाएं और सबूत साझा करते हुए कहा कि उनकी इस मामले में एक राय बन रही है और भारत भी अपनी तरफ से इस मामले को देखे।

**हितों पर संवेदनशीलता :** अमेरिका में उभर रही राय सही है या नहीं, यह तो कोर्ट की प्रक्रिया से तय होगा। लेकिन वहां की सरकार हर कदम पर भारत के हितों को लेकर संवेदनशीलता दिखाती रही है। वहां अलगावादी-आतंकवादी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ भी नहीं दी जा रही। यही वजह है कि इस प्रकरण में उभरी असहमति के बावजूद दोनों देशों के रिश्ते न केवल अच्छे बने हुए हैं बल्कि इनमें सुधार की प्रक्रिया भी जारी है। जाहिर है, परस्पर विश्वास और आपसी हितों के प्रति सम्मान सुनिश्चित करके ही रिश्तों को ऊंचाई दी जा सकती है।

## कम्युनिटी सेंटर एवं सार्वजनिक चौपाल के निर्माण कार्य का किया उद्घाटन



**रोबिन माथुर**

**हथीन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहाड़ी गांव में पहुंचने पर स्थानीय विधायक प्रवीण डागर, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर विधायक डागर ने गांव में बनने वाले कम्युनिटी सेंटर एवं सार्वजनिक चौपाल के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार किया और लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध कराए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच विजय सिंह, पूर्व सरपंच देश राज, हरेराम, बुधराम, जवाहर सिंह रावत, मनोज रावत, लवकुश, नरेंद्र रावत आदि भी मौजूद रहे।

## नाबालिग के अपहरण के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रोबिन माथुर**

**हथीन।** उटावड थाना क्षेत्र के गांव से अपहृत की गई नाबालिग की बरामदगी के बाद अब एवीटी स्टाफ पुलिस ने मुख्य आरोपी वारिस निवासी घासेड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी हकमुद्दीन ने बताया कि आरोपी को रेवासन गांव के बस अड्डा से गिरफ्तार किया गया। वह सवारी की इंतजार में खड़ा था। विश्वसनीय सूचना के आधार पर छापा मारकर आरोपी वारिस को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई 2023 को नाबालिग का अपहरण उटावड थाना क्षेत्र के गांव से किया गया। इस मामले में पुलिस ने कई माह तक मोबाइल सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की खोज की। पीड़िता को पुलिस ने गुडगांव से बरामद कर उसके अदालत में बयान कराए। पीड़िता ने अपने परिवार के लोगों के साथ जाने से इंकार कर दिया। अब पीड़िता को पलवल जिला के एक सुरक्षित आश्रय स्थल में रखा गया है।उसकी काउंसलिंग भी कराई गई है।

## शुक्रवार को क्षेत्र में दूसरे दिन पाला जमने के बावजूद सूरज निकलने पर मिली ठंड से राहत

**सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शुक्रवार को क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन भी पाला जमा लेकिन सुबह ही सूरज निकलने से आमजन को ठंड से राहत मिली। बता दें कि पिछले पखवाड़ेभर से समूचा उत्तर भारत कडाके की ठंड की चपेट में है। जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पौष मास कृष्ण पक्ष के प्रारंभ से ही ठंड ने तेवर दिखाने शुरू किए थे जो बृहस्पतिवार को अमावस्या तक बने रहे। शुक्रवार को शुक्ल पक्ष शुरू होने पर मौसम ने करवट बदली है जिससे ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। कडाके की ठंड के चलते दुधारू पशुओं की दूध देने की क्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पड रहा था। हालांकि ग्रामीणजन पशुओं को ठंड से बचाने का प्रयास करते रहे। घनी ठंड के मारे घरों में दुबके ग्रामीण जरूरत होने पर ही ग्रामीण घरों से निकलने पर मजबूर रहे। ठंड के चलते रोजमर्रा की जिंदगी ठहर गई थी जो धूप खिलने के बाद लौटने लगी है। अत्यधिक ठंड रबि फसलों के लिए यह वरदान साबित हुई है। सरसों एवं गेहूं की फसल को भरपूर लाभ मिल हुआ है। सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास करते रहे। क्षेत्र में धुंध कम तथा पाला जमने से ठंड अधिक महसूस की गई है। शुक्रवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 365 दर्ज किया गया जिसे वेरी पूअर माना गया है। कृषि विभाग के एडीओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि बढी हुई ठंड से फसलों को फायदा हुआ है। अगले सप्ताहभर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। धूप खिलने से सामान्यजन चहक उठा है।

# संगठन मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर जाकर करें कार्य : ऋषिराज राणा



**अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शुक्रवार को राधा कृष्ण मंदिर गोपाल गौशाला नूह में जननायक जनता पार्टी की यू.एल.बी प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यअतिथि के रूप मे स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने शिरकत की एवं यूएलबी जिला प्रधान एवं चेयरमैन नगर परिषद संजय मनोचा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस बैठक की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन बदरूद्दीन ने की।

इस दौरान ऋषिराज राणा ने कहा कि इस कार्यकर्ताओं की मीटिंग का उद्देश्य 2024 के चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए मत प्रतिशत को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल की नीतियां, व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की कार्यशैली को जन-जन तक पहुंचाना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नूह शहर के प्रत्येक वार्ड में एक वार्ड प्रधानों की नियुक्ति की जाएगी एवं वार्ड में ही जनसमस्याओं का समाधान किया जाएगा। जननायक जनता पार्टी प्रदेश के हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष संजय मनोचा ने पदाधिकारियों से पार्टी की सतिथि एवं उसे मजबूत करने के राय मांगी और सभी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर कार्य करने की सलाह दी। जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन बदरूद्दीन ने कहा कि जो भी जिम्मेवारी प्रदेश अध्यक्ष ने लगाई है उस पर खरा उतरने का कार्य करेंगे एवं पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर नूहँ यू एल बी हल्का अध्यक्ष समयचन्द प्रजापति, रहीश अहमद नगर पार्षद , नूहँ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष थान सिंह कश्यप ,देवेन्द्र भारद्वाज ,रामकिशन प्रधान ,राजू कटारिया,आस मोहम्मद ,हाजी सिराजूद्दीन वरिष्ट नेता ,युवा हल्का अध्यक्ष जावेद खान ,ज़िला उपाध्यक्ष आफ़ताब अहमद ,आज़ाद भूदर ,उमर मोहम्मद, कृष्ण प्रधान वाल्मीकि समाज से ,सुरेंद्र जैन ,देवेंद्र सैनी ,पप्पू कालडा ,सुमित अदलखा पार्षद ,सलीम नगर पालिका प्रधान ,किशन शर्मा ,महेश पार्षद ,गौरव पार्षद ,अशोक सोनी ,पंकज शर्मा प्रधानाचार्य , सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य व आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के लिए योग है जरूरी : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा



**अनिल मोहनियां**

### उपायुक्त राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिला कारागार में आयोजित योग कार्यक्रम बतौर में मुख्य अतिथि हुए शामिल

### जिला जेल अधीक्षक बिमला देवी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

**नूंह।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला कारागार में हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी कैदियों व बंदियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। योग जहां स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, वहीं इससे नेतृत्व व आत्मविश्वास की भावना को भी बढ़ावा मिलता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सहायक है, बल्कि मानसिक मजबूती के लिए भी जरूरी है। योग जैसे कार्यक्रमों से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि जिला कारागार में आयोजित इस योग कार्यक्रम से कैदियों को स्वास्थ्य लाभ व मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और इन योगासनों जैसे सूर्य नमस्कार, ध्यान और प्राणायाम के प्रशिक्षण से उन्हें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का निरंतर लाभ मिलेगा। उन्होंने जेल प्रशासन की भी तारीफ की कि कैदियों व बंदियों के लिए योग जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व योग का प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य लाभ देने का काम किया। उन्होंने कैदियों का भी आह्वान किया कि वे यहां से अच्छे नागरिक बनकर बाहन जाएं और समाज व देश की भलाई के लिए कार्य करें तथा जीवन में योग को हमेशा अपनाएं रखें और इस अभ्यास को दिनचर्या हिस्सा जरूर बना लें। जिला जेल अधीक्षक बिमला देवी ने उपायुक्त का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया और जिला कारागार की प्रतिदिन की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जेल नार्म्स के अनुसार जिला कारागार में कैदियों व बंदियों को सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। कार्यर्क्रम में हरियाणा योग आयोग की ओर जिला में मुख्य योग प्रशिक्षक नीरज रानी ने सूर्य नमस्कार, ध्यान व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में जेल विभाग में मुख्य सिपाही प्रदीप जेलपुरिया ने एंकर की भूमिका निभाई। इस योग कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक रेशम सिंह, सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन राजेश छौक्कर भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, रक्तदान-जीवनदान, तपेदिक रोकथाम बारे युवाओं किया जागरूक

### जागरुकता से ही बड़ी से बड़ी समस्या का निदान है संभव- सचिव जिला रेडक्रॉस

**अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी धीरेंद्र खड़गटा के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक कटारिया ने की। इस आयोजन के दौरान स्वामी विवेकानंद की जीवनी एवं उनके विचारों पर विशेषज्ञों ने प्रकाश डाला। इस सेमिनार के दौरान कॉलेज के करीब 100 युवाओं को समाजहित में उनके महत्व बारे जागरूक किया गया जिनमे मुख्यत: नशा है नाश की जड़, रक्तदान-जीवनदान, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, 2025 तक टी. बी. मुक्त भारत बनाने हेतु जागरूक किया गया।

जिला रेडक्रास सोसायटी नूंह के सचिव देवेंद्र कुमार चहल ने सभी उपसतिथों को समाज हित मे रक्तदान जीवनदान विषय पर युवाओं के अंदर की भ्रांति को दूर करते हुए बताया कि हमारा एक यूनिट रक्तदान कई जरूरतमंद घायलों, गर्भवती महिला, थेलेसिमिक मरीजों एवं घातक बीमारियों से पीडि़तों को जिंदगी देता है। कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति 90 दिनों के अंतराल पर अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, महापुरुषों की जयंती, शहीदी दिवस पर रक्तदान कर सकता है।



जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने नशे से शरीर में होने वाले विकारों बारे पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज नशा युवाओं को खोखला कर रहा है। हम सभी को चाहिए कि नशे की लत लगने से पहले ही हम सतर्क हो जाएं, अन्यथा कही देर न हो जाये। उन्होंने कहा कि नशे की लत एक आम इंसान के सभी सपनों को समाप्त कर देतु है। नशा किसी भी इंसान की शारीरक, सामाजिक, आर्थिक ख्याति समाप्त कर देता है। रेडक्रॉस नूंह के स्वयं सेवकों राजकुमार, आरिफ एवं रौनक ने सभी उपस्थित युवाओं को भारत सरकार के 2025 तक टी.बी. मुक्त भारत के अभियान को साकार करने हेतु टी. बी. बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय तथा केंद्र सरकार की निक्षा मित्रा योजना के तहत टी. बी.मरीजों की देखभाल हेतु जागरूक किया। इस अवसर सभी युवाओं को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा नियमों की पालना हेतु शपथ दिलाई गई।

# धुआं मुक्त रसोई का सपना साकार कर रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : विधायक संजय सिंह

### अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही यात्रा : जाकिर हुसैन

**अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा नूंह जिला में जनकल्याण व जनसेवा को समर्पित होकर आगे बढ़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को तावडू खंड के गांव पढ़ैनी, गौगजाका व नूंह खंड के गांव भपावली, इंडरी खंड के गोलपुरी में पहुंची। उपमंडल तावडू के गांव पढ़ैनी, गोगजाका में सोहना से विधायक कंवर संजय सिंह तथा उपमंडल नूंह के गांव भपावली में वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन ने बतौर मुख्य अतिथि विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करते हुए लाभार्थियों से सीधा संवाद किया।



विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक कवंर संजय सिंह ने गरीब बीपीएल परिवारों को निशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए धुआं मुक्त रसोई का सपना साकार कर रही है। अब महिलाओं को धुआं से छुटकारा मिल रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से महिलाओं द्वारा उज्ज्वला गैस कनेक्शन का भरपूर लाभ लिया जा रहा है। लाभार्थियों ने कहा कि 'उज्ज्वला' योजना के माध्यम से महिलाओं को धुआं मुक्त रसोई से आजादी मिल रही है। हरियाणा वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने को सच करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी योजना के सफल होने के लिए उसका हर लाभार्थी तक पहुंचना बहुत जरूरी है। वर्तमान सरकार का लक्ष्य है कि जो भी योजनाएं बने उनका वास्तविक हकदार को सबसे पहले फायदा मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य अतिथियों ने गांवों में लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित व जागरूक किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर मुख्य अतिथियों ने नागरिकों को हमारा भारत-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। क्रमश: जिले के विभिन्न गांव नामत: पुन्हाना लहरवाडी, ठेक व पिनगवां खंड के गांव खेडली कलां, खंड नगीना के गांव अकलीमपुर नूंह व फिरोजपुर - झिरका चितौड़ा व सकरपुरी आदि में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी पहुंची तथा लोगों ने सरकार की योजनाओं की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ली।

## मकर सक्रांति पर्व पर धूनिगर की याद में छितरोली में आयोजित होगा विशाल मेला

**सुनील दीक्षित**

**कनीना।** छितरोली गांव में 14 जनवरी रविवार को मकर सक्रांति के अवसर पर बाबा धूनिगर की 75वीं स्मृति में विशाल धार्मिक मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें खेलकूद प्रतिगिता भी करवाई जाएगी। मेले का शुभारंभ अटेली हलका विधायक सीताराम यादव की अध्यक्षता में प्रदेश के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल द्वारा किया जाएगा। जिसमें अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की भांजी एडवोकेट राजबाला सहित अतर लाल,अजमेर दांगी, सोमबीर धनखड़ उपस्थित रहेगें। मेला कमेटी के वरिष्ठ सद्स्य सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को सुबह नैशनल कबड्डी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा रात्री को जागरण का आयोजन होगा। जिसमें दीपक चिडिया द्वारा धार्मिक भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को सुबह 11 बजे से कुशति-कबड्डी हरियाणा स्टाईल शुरू होगी। 31 हजार रूपये तक की कुशति तथा 100 मीटर से 5 हजार मीटर तक की दौड़ भी कराई जायेगी। मेले में पंहुचने वाले श्रद्धालेओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## मारुति कार से भरा ट्रोला लटका, डिवाइडर पर ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

**संजय राघव**

**सोहना।** सोहना-तावडू घाटी मार्ग पर उसे समय हंगामा मच गया जब घाटी के ऊपर मारुति से भरा ट्राला घाटी के डिवाइडर से टकरा गया व अधर में लटक गया।हालांकि उसके नीचे काफी आबादी थी ।गनीमत यह रही कि ट्राला ऊपर लटक रहा इसमें बैठे ड्राइवर कंडक्टर सुरक्षित बाहर निकला गया। बताया जा रहा है बेंगलुरु से यह ट्राला गुडगांव जा रहा था टोला इसमें 6 मारुति गाडि़यां भी थी।इस मामले की सूचना पाकर सोहना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ट्राला निकालने का प्रयास कर रही है। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह बेंगलुरु से छह मारुति कार को अपने ट्रॉली में भरकर गुड़गांव ले जा रहा था जब व सोहना तावडू घाटी मार्ग पर कैम्लेक्स के समीप पहुंचा तो उसके ट्रॉला के ब्रेक फेल हो गए। जिससे गाड़ी असंतुलित हो गई ।ट्राला घाटी के साथ में लगे डिवाइडर पर लटक गया। हालात यह थी कि आधा ट्राला घाटी की एक तरफ लटक गया व ट्राला का आधा हिस्सा दूसरी तरफ हो गया। गनीमत है रही कि यह है ट्राला जहां पर लटका उसके नीचे आबादी बसी हुई थी।ड्राइवर ने बताया कि प्रॉब्लम के अंदर वह स्वयं व्यवस्था कंडक्टर था दोनों ही सुरक्षित बाहर निकल जाए इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर जाकर ट्राला को वहां से निकलने का प्रयास शुरू कर दिया।हालांकि पहला मामला नहीं इस घाटी मार्ग पर इससे पहल पहले भी कई हादसे इस घाटी पर हो चुके हैं वह कई तरह यहां पर पलट चुके हैं।

## नेहरू युवा केंद्र की ओर से तावडू में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन तावडू स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र की ओर से किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन मनिता गर्ग व खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के इतिहास में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व को बहुत महान माना जाता है। उनकी विचारधारा और समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के बारे में भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में उन्होंने छाप छोड़ी थी। उन्होंने अपनी मेधा और आकर्षक व्यक्तित्व के चलते छोटी उम्र में ही बड़ी पहचान बना ली थी। युवाओं को ऐसे व्यक्तित्व से हमेशा प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग कर रहे सहायक शिक्षा अधिकारी डॉ अमित कुमार यादव ने खेलकूद आदि के बारे में बताया। जिला एनएफएल कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने शपथ दिलवाकर समाज में अच्छा कार्य करने के लिए संदेश दिया। उन्होंने कहा की हमे विवेकानंद जी की शिक्षाओं से जीवन में आगे बढ़ना है और अपने ज्ञान की ज्योति से हमे जीवन में आगे बढ़ना है। इस मौके पर प्राचार्य महेंद्र, ओमसिंह, विनोद गोयल, विनोद शर्मा, गुलाब सिंह सहित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आत्मनिर्भर और विकसित' भारत निर्माण के लिए युवा शक्ति समर्पित भाव से देशहित में करें ऊर्जा का प्रयोग : डा. बनवारी लाल

## जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने गांव नांधा, मनेठी व नैचाना में ग्रामीणों से किया संवाद

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश की रीढ़ होती है और युवा शक्ति ही देश एवं समाज को शिखर पर ले जाने का काम करती है। भारत में युवाओं ने युग परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत बनाने का जो संकल्प लिया है युवा शक्ति उस संकल्प को सिद्ध करने में समर्पित भाव से अपनी ऊर्जा का देशहित में प्रयोग करें। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल शुक्रवार को बावल विधानसभा के गांव नांधा, गांव मनेठी व गांव नैचाना में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत युवा के लिए युवा के द्वारा' थीम पर 12 जनवरी से 16 जनवरी तक मनाए जा रहे 27वें राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर महाराष्ट्र के नासिक से युवा शक्ति व आमजन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए नए जोश व उत्साह का संचार किया।



डा. बनवारी लाल ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विवेकानंद जी की ही हैं। हमें स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र निर्माण में आत्मसात करना होगा। उन्होंने सदैव युवा शक्ति का मार्गदर्शन किया है वे सदैव युवाशक्ति के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल हमारी युवा शक्ति के लिए बहुत बड़ा अवसर लेकर आ रहे हैं जब हमारा भारत 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र का लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि भारत का युवा किसी भी क्षेत्र में, समाज में पैदा हुआ हो उसके सपने असीम हैं। भारत और युवा शक्ति के सपनों को पूरा करने के लिए सरकार के पास स्पष्ट रोड मैप है, स्पष्ट विजन है, स्पष्ट नीति है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार द्वारा श्रीअन्न यानी मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया। मोटे अनाजों के सेवन से कई तरह के फायदे होते हैं। इन्हें खाने वाले लोगों में गंभीर बीमारियों जैसे मोटापा, दिल की बीमारी, आदि से लड़ने की क्षमता होती है। पहले हमारे पूर्वज श्री अन्न या मिलेट्स का प्रयोग करते थे। लेकिन बदलते समय में घरों में खानपान की शैली बहुत बदल गई है। मिलेट्स को फिर भोजन में शामिल कर पोषण के सभी फायदे लिए जा सकते हैं। पोषण संबंधित व्यवहार और खानपान परिवर्तन में युवा बड़ी भूमिका निभा सकते है। मिलेट्स से कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। युवाओं को चाहिए कि वे जंक फूड को छोड़कर पौष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं, इसलिए इन्हें सुपर फूड कहा जाता है।

# हरियाणा के हिसार से आये किसानों ने संसद भवन का भ्रमण किया और उपराष्ट्रपति से मुलाकात की

**उपराष्ट्रपति निवास पर डॉ सुदेश धनखड़ से मिले हिसार के किसान**

**किसान के बच्चों को कृषि के व्यापार में आगे आना चाहिए : उपराष्ट्रपति**

**सिटी 24 न्यूज**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के निमंत्रण पर हरियाणा के हिसार से आए किसानों ने आज नए संसद भवन का भ्रमण किया और उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति ने पिछले महीने 26 दिसंबर को हिसार स्थित ICAR - केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का दौरा किया था। तब श्री धनखड़ ने वहां उपस्थित किसानों से मुलाकात की थी और उन्हें दिल्ली आकर नया संसद भवन देखने को आमंत्रित किया था। उपराष्ट्रपति ने अपने देसी अंदाज में किसानों से कहा था कि दिल्ली आवो थारो घर सै। उपराष्ट्रपति के निमंत्रण पर आज केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और वैज्ञानिक किसानों के साथ दिल्ली पहुंचे जहां उन्हें संसद भवन का गाइडेड टूर कराया गया। उपराष्ट्रपति से मुलाकात के बाद सभी किसानों ने संसद भवन में लंच किया। इसके बाद वे उपराष्ट्रपति निवास पर पहुंचे जहां किसान भाई बहनों का स्वागत सत्कार श्रीमती (डॉ) सुदेश धनखड़ द्वारा किया गया। इनमें जेवरा, बाडोपटी, धिकताना, बीड बबरान, सरसोद, बालक, बिछपडी और भाटोल जटान आदि गाँवों के 40 किसान व 10 महिला किसान भी थीं। उपराष्ट्रपति निवास पर हरियाणा की उत्साही महिला किसानों ने स्वरचित लोकगीत गाया जिसके बोल थे - जगदीप धनखड़ ने फोन करया था जल्दी आइयो संसद में... आई मैं क्यूंकर आऊं, मेरा ससुरा रोज लड़े सै। उपराष्ट्रपति भी लोकगीत की धुन पर स्वयं को थिरकने से न रोक सके।

उपराष्ट्रपति ने किसानों से कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा व्यापार



कृषि उत्पादन का है। गेहूं, बाजरा, चावल, दाल, सब्जी, दूध सब कृषि का है और किसान इनको पैदा करता है और पसीना बहाकर मेहनत करता है। उन्होंने कहा कि केवल खेती नहीं, बल्कि कृषि उत्पादों के व्यापार में भी किसानों को दिलचस्पी लेनी चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि किसान की मंडी के अंदर दुकान भी होनी चाहिए और किसान के बच्चों को व्यापार में पड़ना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि छोरा पढ़ लिखकर यह व्यापार क्यों करें? उसे तो नौकरी करनी चाहिए। व्यापार में बहुत दम है। यह संकल्प ले लेना चाहिए कि अपने बच्चे पढ़ लिख के और भी काम करें पर कृषि के उत्पादन से व्यापार जरूर करें।

श्री धनखड़ ने आगे कहा कि किसान को अपने उत्पादन में वैल्यू ऐड करनी चाहिए। दूध का पनीर, और सरसों का तेल निकालकर बेचना चाहिए।

महिला किसानों से बात करते हुए उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि छोरा-छोरी में कोई फर्क नहीं बचा है। जो थोड़ा एक फर्क है यह है कि छोरी थोड़ी ज्यादा आगे पहुंच गई है।

हरियाणा के अखाड़ों का जिक्र करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि हमारे अखाड़े गुरुकुल जैसे हैं जब हरियाणा के अखाड़े के लोग मुझसे मिले थे, तो मैं तो उनसे मिलकर दंग रह गया। मैंने कहा बच्चों को दूध कहां से मिलता है, तो वह कहते हैं कि गांव के लोग देते हैं। खाने पीने की व्यवस्था कैसे होती है, तो बोले की सामूहिक रूप से होती है। बच्चे खूब एक्सरसाइज करते हैं इसका मतलब बच्चों में कोई बुरी आदत नहीं आती है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा अखाड़े में जाने से बच्चों के बिल्कुल बुरी आदत नहीं आती है। अखाड़े का मतलब... अपना जो चरित्र है यह सोने का रहता है। अखाड़े में जाने वाला छोरा कभी यह ड्रग कभी नहीं लेता। उसका ध्यान पॉजिटिव रहता है।

श्री धनखड़ ने किसानों से अपील की कि गांव में भाईचारा बढ़ाओ। समाज को जाति में बांटने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि शरीर का हर एक अंग जरूरी है, कहीं भी थोड़ी चोट लग जाए तो दिमाग विचलित हो जाता है सीने में दर्द होता है पूरी परेशानी हो जाती है। तो समाज को कोई बांट नहीं सका है, समाज एक है, और यही आज देश की परंपरा है।

# कुरूक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण कार्य मार्च तक होगा पूरा : संजीव कौशल

**हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने गुरूग्राम में किया हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के नए कार्यालय भवन का किया उदघाटन**

**मुख्य सचिव ने कहा, उत्तरी भारत में रेल अवसंरचना विकास निगम बनाने वाला हरियाणा प्रथम राज्य**

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) द्वारा 350 करोड़ रूपए की लागत से बनाए जा रहे करीब 6 किलोमीटर लंबे कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और यह कार्य इस वर्ष मार्च माह तक पूरा हो जाएगा। इस ट्रैक के बनने से कुरूक्षेत्र-नरवाना रेलवे लाईन पर पांच मानवयुक्त लेवल क्रासिंग समाप्त हो जाएंगे और कुरुक्षेत्र शहर में रेल एवं सड़क यातायात के संचालन एवं सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। श्री संजीव कौशल आज गुरूग्राम के सेक्टर 32 में हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उदघाटन करने के उपरांत निगम के प्रथम वार्षिक समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निगम की सहयोगी कंपनी हरियाणा रेल ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) द्वारा 126 किलोमीटर लंबा पलवल से सोनीपत तक, सोहना, मानेसर और खरखौदा होते हुए डबल स्टैक कंटेनर माल ढुलाई के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन के साथ एक



मध्य-उच्च गति का नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है। इस पर डबल डेकर माल गाड़ी भी आसानी से चल सकेगी। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिसके लिए किसानों को 1100 करोड़ रूपए की मुआवजा राशि भी दी जा चुकी है। इस रेल परियोजना में सोनीपत, रोहतक, झज्जर व गुरूग्राम जिला का कुछ हिस्सा शामिल है। इस परियोजना को निगम द्वारा एचएसआईआईडीसी, जीएमडीए और निजी कंपनियां मारूति एवं अल कारगो के साथ स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) बनाकर किया जा रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि हरियाणाा उत्तरी भारत का पहला राज्य है, जहां एक रेल निगम बनाकर प्रदेश में आधुनिक व नया रेल तंत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने एचआरआईडीसी निगम की उपलब्धियों के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी निगम प्रदेश में रेल तंत्र के विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर श्री कौशल ने हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के नए लोगो तथा स्पीड नामक एक पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्य सचिव ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग भी मौजूद थे। इस मौके पर हरियाणवी संस्कृति से ओत-प्रोत एक आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव विवेक जोशी ने कहा कि हरियाणा सरकार अपनी रेल परियोजनाओं को विकसित करने के लिए नेशनल बैंक फॉर फाइनेंस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर से दीर्घ अवधि का ऋण ले सकती है। समारोह में उत्तर रेलवे के एजीएम ए.के. सिंघल भी उपस्थित रहे। निगम के निदेशक नरेंद्र डी. चंबूर ने अतिथिगण का आभार व्यक्त किया।

**इन परियोजनाओं पर भी काम करेगा निगम**

हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री राजेश अग्रवाल ने निगम की विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि निगम हिसार एयरपोर्ट को दिल्ली एयरपोर्ट से जोडऩे के लिए नई रेल लाइन बिछाने, सिरसा से चंडीगढ़ वाया उकलाना-नरवाना, करनाल से यमुनानगर तथा गुरूग्राम के फर्रूखनगर से झज्जर से जोडऩे के लिए कंसलेटंसी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

**हरियाणा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का गठन जल्द : मुख्य सचिव**

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव श्री कौशल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की तर्ज पर हरियाणा रेल मेट्रो कारपोरेशन (एचएमआरसी) का भी जल्दी ही गठन कर दिया जाएगा। इसके लिए उच्च स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी को इस कारपोरेशन का चेयरमैन तथा हरियाणा सरकार के किसी प्रशासनिक अधिकारी को इसका प्रबंध निदेशक बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने बताया कि गुरूग्राम से भिवाड़ी तक बनाए जाने वाले रैपिड रेलवे ट्रैक सिस्टम आरआरटीएस का काम भी जल्दी शुरू किया जाएगा।

# पीएम विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला में 150 रेवाड़ी वासियों ने ली जानकारी : डॉ.सतीश खोला



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला के रेवाड़ी कार्यालय सैक्टर एक पर पीएम विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला में 150 रेवाड़ी वासियों ने भाग लिया। डॉ.सतीश खोला ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत गुरु शिष्य की परम्परा अनुसार हाथ से पारम्परिक औजारों से कार्य कर रहे 18 तरह के कारीगरों के लिए सीसीए 13000 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। जिसमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताले बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तीकार, मोची, राज मिस्त्री, टोकरी बनाने वाले, खिलौने बनाने वाले, नाई, धोबी, दर्जी, जाल बनने वाले इस योजना के तहत लोन ऋण ले सकते है। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक की कॉपी साथ लेकर नजदीकी सीएससी सेंटर में जाकर मुफ्त रेजिस्ट्रेशन करवा लें। योग्यता के लिए न्युनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। पिछले 5 वर्षों में पीएमई जीपी, पीएम स्वनिधि और मुद्रा योजना में ऋण नही लिया हो या चुका दिया हो। परिवार का सदस्य सरकारी सेवा में न हो ।

**योजना में ये निम्नलिखित लाभ मिलेंगे**

पहचान पत्र मिलेगा, टूलकिट खरीदने के लिए 15000/- रुपए का अनुदान, सस्ता कर्ज 5प्रतिशत पर, 1 लाख रुपए पहली बार, 2 लाख दूसरी बार। मुफ्त ट्रेनिंग 500 रुपए प्रतिदिन भत्ते के साथ ,मार्केटिंग स्पोर्ट भी दी जाएगी। कार्यक्रम में भगवानदास, रामजस, ओमप्रकाश, राजीव कुमार, कृष्ण, अशोक कुमार महेश कुमार, रमेश, हेमलता, दीपचंद, गजराज सिंह, जगदीश, सोहनलाल, बालकिशन, धीरज, राम अवतार, बलराम, राजकुमार, अनिल, जमनादास, लालचंद यादव, ओमपाल, अजीत सिंह, सुरेश, श्याम सुंदर, रामनारायण, गीता, शकुंतला, सुबे सिंह, कलावती, शीशराम ,बिशन स्वरूप, घमंडी लाल, चौखराज, सुंदरलाल, जसवंत सिंह, ओमप्रकाश, संदीप, परमानंद, सोमवती, सरोज, बाबूलाल, शिव कुमार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत अपने तीन दिन के प्रवास पर शुक्रवार को जींद पहुंचे



**सिटी 24 न्यूज**

**हांसी।** सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने रामायण के सात खंडों पर आधारित श्रीराममंडपम में दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद चित्रकला कार्यशाला का अवलोकन भी किया। अवलोकन में क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास, प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी साथ में रहे। डॉ मोहन भागवत 14 जनवरी तक जींद के गोपाल विद्या मंदिर में आयोजित हरियाणा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और संघ के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

डॉ मोहन भागवत ने बाल खंड में राम तिलक पर तूलिका से रंग लगाकर चित्रकला कार्यशाला की विधिवत शुरुआत की। चित्रकला कार्यशाला के बाद सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने संघ की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक ली।

वहीं गोपाल स्कूल में आयोजित चित्रकला कार्यशाला में प्रदेशभर से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकारों ने अपनी तूलिका से संपूर्ण रामायण को कैनवास पर रंग डाला। चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हरियाणा कला परिषद एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित किया गया। चित्रकला कार्यशाला में शैलेंद्र, प्रदीप कुमार, दीपक कौशिक, हिमांशु, नितिन, राजवीर, अमित कुमार, नवीन मरीचि, सुमित कुमार, मोहित बब्बर, डॉ. राहुल राठौर, डॉ. आदेश खैरीवाल, विजेंद्र रोहिल्ला, विकास रोहिल्ला, राजकुमार, स्वागत राम, दुर्गेश कुमार, हिमांशु, गगन, नवीन कुमार, रामप्रसाद ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी काफिले के साथ नूँह के खेड़ला गाँव पहुंचे

## भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में लोगों ने फुलमालाओं के साथ सभी वरिष्ठ नेतागण का भव्य स्वागत किया

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी अपने बड़े काफिले के साथ नूँह के खेड़ला गाँव पहुंचे, वहाँ पहुंचने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में उलेमा व क्षेत्र के मौजिजान ने जमाल सिद्दीकी व वरिष्ठ नेतागण का भव्य व जोरदार स्वागत किया। गाँव की तरफ से उनका मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी की शान *पगड़ी* बाँधकर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर शरीफ में हर साल की तरह इस वर्ष भी चादर पोशी के कार्यक्रम के लिए उनके द्वारा सौंपी गई चादर को लेकर जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा के अन्य वरिष्ठ नेतागण जयपुर के लिए रवाना हुए। रास्ते में मेवात क्षेत्र के नूँह के खेड़ला गाँव पहुचनें पर जमाल सिद्दीकी ने एक जनसभा को संबोधित भी किया तथा दरिया वाली दरगाह पर जाकर दरूद शरीफ़ पढा तथा जुमे की नमाज़ भी दरगाह वाली मस्जिद में अदा की। इस अवसर पर उनके साथ उत्तराखंड वक्फ़ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स, उत्तर प्रदेश शिया बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी,



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस एम अकरम, डॉ. असलम खान, यासर जिलानी, अनीस अब्बासी, कमाल बाबर, दरगाह निजामुद्दीन के खादिम मौलाना अलीशेर निजामी, जुबैर निजामी आदि प्रमुख रूप से साथ रहे। देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हर वर्ष अजमेर शरीफ में चादर पोशी की जाती है और यह जिम्मेदारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की लगाई जाती है। इस वर्ष भी होने वाले उर्स मुबारक के मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा प्रधानमंत्री की तरफ से चादर पोशी की जानी है। शुक्रवार को सुबह दिल्ली से जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में नूँह होते हुए इस चादर को दरगाह शरीफ पर चढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री की तरफ़ से अजमेर शरीफ ले जा रहा है। आज नूँह के खेड़ला गाँव में भी सभी वरिष्ठ नेतागण पहुंचे थे।

जमाल सिद्दीकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश के विकास, उत्थान व खुशहाली के लिए बहुत गंभीर हैं। उन्होंने पिछले 9 वर्षों में देश से जातिवाद, भेदभाव जैसी महामारियों को जड़ से खत्म किया है। नरेन्द्र मोदी द्वारा हर धर्म-मजहब का सम्मान करना सिखाया है। उनके द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा को अजमेर शरीफ में चादर चढाने की जो जिम्मेदारी लगाई गई वे मोर्चे के सभी परधिकारिगण के लिए सौभाग्य की बात है।

आज नूँह के खेड़ला गाँव में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में उनका जो भव्य स्वागत हुआ है वे सभी लोगों के मशकूर हैं। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट, रफीक हथौड़ी प्रधान, वल्ली पहलवान, कल्लू सेठ, दादा बुद्धि मास्टर शरीफ, ईसराइल, अली मोहम्मद, नूर मोहम्मद सब्बीर, दादा हारून, सफी, मगना, ताहिर हुसैन सांईं,शौकत,फज्जर, दादा जेमल, आरिफ सरपंच, मास्टर हेतराम, ताहिर, मौलाना रफीक, मौलाना, अली मोहम्मद, हाजी काले खा, मौलाना दीनदार, मौलाना आरिफ टाँईं, कल्लू चिंघारी, मुबीन, जमील पूर्व सरपंच खेड़ला, अल्ली प्रधान, जाकिर भडंगाका आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को भाजपा नेताओं ने नमो एप डाउनलोड कराया

## पीएम मोदी के प्रति युवाओं में दिख रहा भारी उत्साह

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति मेवात जिले के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आज हर युवा पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियों से काफी प्रभावित हो रहे हैं। उक्त बातें शुक्रवार को नूंह जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष रमेश मानुवास के निवास पर भाजपा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह सिंधू ने कहीं। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमेश मानुवास ने प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह सिंधू का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को भाजपा के नमो एप को भी डाउनलोड कराया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह सिंधू ने कहा कि युवाओं में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है। नमो एप के माध्यम



से युवा भाजपा की नीति के बारे में जान सकते हैं। आज उन्होंने काफी संख्या में युवाओं को नमो एप डाउनलोड कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी व सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में देश प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। युवाओं को आगे आकर भाजपा की नीतियों के साथ जुडक़र प्रदेश के विकास में भागीदारी निभानी चाहिए। इस दौरान किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश मानुवास ने कहा कि जल्द ही गांवों में जाकर अधिक से अधिक युवाओं को नमो एप के बारे में जागरूक करेंगे।

# भाजपा के सबसे पुराने कद्दावर नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन पार्टी के स्तर को बढ़ाने के लिए दिन रात कर रहे हैं प्रयास

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधानसभा में पूर्व से ही जाहिद हुसैन चेयरमैन सबसे पुराने व कद्दावर नेता है। हालांकि आज तो कई नेता अपने को भाजपा के सबसे समर्पित नेताओं की श्रेणी में मानते हैं लेकिन आज भी नूंह विधानसभा में धरातल पर कार्य सिर्फ जाहिद हुसैन चेयरमैन ही कर रहे हैं। दिन रात पार्टी के लिए कार्य कर लोगों की सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। बातचीत के दौरान जाहिद हुसैन चेयरमैन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों से वह बहुत अधिक प्रभावित है। आज केंद्र के साथ प्रदेश सरकार ने लोगों के उत्थान के लिए काफी योजनाएं चलाई हुई है। अगर इन योजनाओं के बारे में लोग जागरूक हो जाए तो हमारा देश बहुत जल्द विकसित देशों की श्रेणी में आ जाएगा। पारदर्शिता के साथ सरकार की योजनाएं चल रही



है। उनका प्रयास भी यह है कि मेवात जिले के आमजन इन योजनाओं से लाभ प्राप्त करें। वर्तमान में सरकार द्वारा गांवों में जागरूक्ता अभियान चलाए जा रहे हैं इनके माध्यम से काफी लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेवात जिले का दशकों बाद वास्तव में भाजपा ने ही विकास कराया है। भाजपा द्वारा मेवात के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। यही भाजपा की असली ताकत है। केंद्र प्रदेश सरकार का नारा है कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रदेश में ईमानदारी से विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूर्व में कांग्रेस व इनेलो की सरकारों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था अगर पूर्व की सरकार मेवात की और ध्यान देती तो यहां पर अन्य जगहों की तरह विकास मिलता लेकिन यहां के स्थानीय व इन पार्टियों के नेताओं ने मेवात के लिए कभी विकास की नहीं सोची। उन्होंने कहा कि अब मेवात के लोगों को विकास के मामले में आगे बढ़ाने के लिए भाजपा संगठन दिन रात प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका विश्वास है प्रदेश के सीएम मनोहर लाल व देश के पीएम नरेंद्र मोदी विकास के लिए मेवात को उसका हक दिलाकर आगे बढ़ाएंगे। जिससे आने वाले समय में मेवात भी देश दुनिया के पर्दा पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की वह भाजपा के साथ जुडक़र मेवात के विकास के साक्षी बनें।

# सरकार अंत्योदय की भावना के साथ लोगों की भलाई के लिए कर रही है कार्य : जगदीश नायर विधायक

**लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर सरकारी जन**

**कल्याणकारी योजनाओं का पहुंचाया जा रहा है लाभ**

**रथ यात्रा के माध्यम से पंक्ति में अंतिम जरूरतमंद**

**व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का किया जा रहा है सकारात्मक प्रयास**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** भारत सरकार व राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ लोगों की भलाई के लिए कार्य कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। रथ यात्रा के माध्यम से पंक्ति में अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर ने भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।।उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वास्तव में अंत्योदय के सपने को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। यह रथ यात्रा हर वर्ग के ऐसे वंचित और गरीब लोगों को सरकार की योजनाओं से जोडक़र उन्हें लाभानवित करने का कार्य कर रही है, जो अभी तक पात्र होने के बावजूद योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी ने होने के कारणवश लाभ लेने से वंचित रहे। मोदी की गारंटी वाली इस गाड़ी का प्रथम उद्देश्य यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लोक कल्याणकारी योजनाओं की शत प्रतिशत जानकारी प्रत्येक आमजन मानस तक पहुंचे और हरेक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का



लाभ मिले।

ग्रामीण आंचल व शहरी क्षेत्र के वार्डों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी स्टॉल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और पात्र पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को योजना से जोडक़र लाभानवित करने का भी कार्य कर रहे हैं। इन संकल्प यात्राओं में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके जरूरत अनुसार दवाएं भी दे रहे हैं। नगर परिषद के अधिकारी शहरी क्षेत्र के नागरिकों की प्रापर्टी आईडी में व्याप्त त्रुटियों को दुरूस्त करने संबंधी कार्य भी कर रहे हैं। इसी क्रम में होडल नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-12,13 में संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित हुए। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने उपस्थिति को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने नमो दीदी ड्रोन की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को घरेलु गैस कनैक्शन सिलेंडर सहित भेंट किए। मुख्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल के बच्चों, खिलाडिय़ों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने मुख्य अतिथियों सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

# गांव सिहौल में किसान गोष्टी का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** गांव सिहौल स्थित धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी का शुभारंभ सिंचाई विभाग के पूर्व अधीक्षक अभियंता शक्ति सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं डीएआरटी के सलाहकार डॉ.बी.एस सहरावत, कृषि विभाग के ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक सुंदर सिंह,प्रगतिशील किसान क्लब के अध्यक्ष बिजेंद्र दलाल सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद थे। गोष्ठी में किसानों की आय को बढ़ाने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिव सिंह रावत ने किसानों को जल और जल संसाधनों के उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसानों को जल संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. बी.एस.सहरावत ने कहा कि धानुका एग्रीटेक रिसर्च सेंटर द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि किसानों की आय को दोगुना किया जा सके। किसानों को परम्परागत खेती को छोडक़र आधुनिक तरीके से खेती करनी चाहिए। जितेंद्र कुमार ने किसानों को सॉयल टेस्टिंग के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. मनोज कुमार ने किसानों को खरपतवार प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. विश्वास वैभवन ने कीट प्रबंधन एवं उनके नियंत्रण के बारे में बताया। डॉ. लोकेश ने किसानों को ड्रोन तकनीक के बारे में जागरूक किया।

# जिले में बने रैन बसेरों की हालत खराब, नहीं है इनके अंदर कोई भी सुविधाएं

**जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा नही की गई है अभी तक कोई सुविधा**

**रैन बसेरों के नाम का पैसा अधिकारियों को जेब में जाता है : करण सिंह दलाल**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** इस जनवरी माह में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इस ठिठुरन भरी सर्दी से बचने के लिए एक तरफ जहां लोग अपने घरों में हीटर और आग का सहारा ले रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कई ऐसे लोग भी हैं जिनके पास ना तो कोई आशियाना है और ना ही सर्द रातें काटने के लिए सर पर कोई छत, गरीब असहाय और बेसहारा लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए रेन बसेरों में जो व्यवस्था होनी चाहिए वह नाममात्र भी नही है। इस कड़ाके की ठंड से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भले ही बड़े-बड़े दावे



किए गए हो। जिला प्रशासन ने गरीब तबके के लोगों के लिए पर्याप्त व्यवस्था किए जाने की बात भी कही। लेकिन जब मौके पर रात करीब 8 बजकर 35 मिनट पर होडल के डाक्टर भीम राव अम्बेडकर स्कूल में और हसनपुर उपकार मंडल के साथ साथ पलवल की जाट धर्मशाला और बस स्टेंड पर पहुंचे तो सच्चाई ठीक इसके उलट थी। वहां मौजूद जाट धर्मशाला के मैनेजर कृपया राम चौहान ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी यहां रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरे में पिछली साल जिला प्रशासन की तरफ से 20 कंबल दिए गए थे। इस साल उन्हें कोई नए कंबल नहीं दिए गए हैं। उनके पास केवल पिछले साल के ही 20 कंबल ही है। वह काफी पुराने हो चुके हैं। अभी तक रैन बसेरे में रुकने के लिए चार लोग ही यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से ठंड से बचने के लिए भी यहां कोई अलाप की व्यवस्था नहीं की गई है और ना ही अभी तक यहां जिला प्रशासन या रेड क्रोस सोसायटी का कोई अधिकारी इन रेन बसेरों का निरीक्षण करने के लिए आया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए यह रैन बसेरे अब केवल नाम के रह गए हैं। इन रेन बसेरों में



जिला प्रशासन की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। वही जाट धर्मशाला में बनाए गए रैन बसेरे में रुके बदरपुर के रहने वाले विक्की ने बताया कि वह पलवल में स्कूली बच्चों को कागज के फूल बनाना सिखाते हैं। वह पिछले दो दिनों से जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में यहां रुका हुआ है। यहां रुकने के लिए उससे 50 लिए गए हैं। वहीं कैथल के रहने वाले पंकज ने बताया कि वह पलवल में मेडिसिन के इंटरव्यू के लिए आया था। लेकिन इंटरव्यू ना होने के कारण वह जाट धर्मशाला में बनाए गए रैन बसेरे में तीन दिनों से रुका हुआ है। यहां पर रुकने के लिए उससे कोई पैसा नहीं लिया गया हैं। सोने के लिए एक गद्दा और रजाई भी उन्हें दिया गया है। इसके बाद हमारी टीम रात के करीब 8 बजकर 56 मिनट पर पलवल के बस स्टैंड पर पहुंची। जहां पर भी जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा रोडवेज की दो बसों में रैन बसेरे बनाए गए हैं। तो वहां मौजूद चौकीदार पवन ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से यहां लोगों के ठहरने के लिए 10 रजाई और 10 गद्दे की व्यवस्था की गई है। यह रजाई और गद्दे उन्हें पिछली साल दिए गए थे। अब की साल कोई रजाई या गद्दा नहीं दिया गया है। इन रजाई और गद्दों में कुछ फट भी चुके हैं। जिनके लिए जिला प्रशासन को भी लिखा गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर दो बसों में रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए अलग रेन बसेरे की बस में ही व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यहां रोजाना 10 से 12 लोग ठंड से बचने के लिए आते हैं। लेकिन अभी तक आज यहां कोई रैन बसेरे में ठहरने के लिए नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अभी तक इन रेन बसेरों का निरीक्षण करने के लिए जिला प्रशासन या रेड क्रॉस सोसायटी की तरफ से कोई अधिकारी यहां नहीं आया है और अबकी बार यहां पर ठंड से बचाव के लिए अलाप की व्यवस्था भी नहीं की गई है। जबकि पहले यहां पर इन दिनों में अलाप की व्यवस्था की जाती थी। जिससे कि लोग ठंड से बच पाए।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने भाजपा पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार में रैन बसेरों के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। दलाल ने कहा की रैन बसेरों के नाम पर अधिकारियों की जेब भरी जा रही हैं जबकि इनके अंदर सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। इस कड़ाके की सर्दी में गरीब और बेसहारा लोग आज भी खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर हैं। इनके अंदर बेसहारा लोगों के लिए जो रजाई गद्दे होने चाहिए वह फटे पड़े हैं और जो अलाव की सुविधा होनी चाहिए वह भी नही है और इनके नाम पर अधिकारी मोटे मोटे बिल बनाकर अपनी जेब भर रहे हैं।

# स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने यूनिट ने नशा तस्कर को काबू कर 4.57 ग्राम स्मैक किया बरामद



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओ.पी. सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए गाँव नगीना से नशा तस्कर को काबू कर 4.57 ग्राम स्मैक बरामद कर नशा तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार वशिष्ट हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गुरूग्राम एवं युनिट फरीदाबाद प्रभारी निरीक्षक अशोक डागर ने बताया कि उप निरीक्षक कीमतीलाल के नेतृत्व में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट की एक पुलिस टीम को एक गुप्त सुचना मिली कि गाँव नगीना में साहिल पुत्र रत्ती नशीला पदार्थ स्मैक बेचने के लिए खडा है। टीम मौके पर पहुंची और नशा तस्कर को माल समेत काबू किया। जिसके संबंध में थाना नगीना मे मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया। यूनिट इंचार्ज अशोक डागर ने बतलाया कि आरोपी को अदालत से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी व जो भी इस केस में संलिप्तता मिलेगी उनको भी हर हाल में काबू किया जाएगा। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर अशोक डागर ने आम जन से अपील करते हुए बताया कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर नंबर 9050891508 पर सूचना दे सकते हैं सूचना देने वाले का नाम पता पूर्णता गुप्त रखा जाएगा।

# चोरी की गाड़ियों को काटकर उनके स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले गिरोह का डिटेक्टिव स्टाफ ने किया भंडाफोड़

**गिरोह के तीन सदस्य धरे, मौका से चोरी हुई गाड़ी वैगन आर के पार्ट्स एवं उपकरण तथा औजार बरामद**




**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव सराय में चोरी की गाड़ियों को काटकर उनके स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डिटेक्टिव स्टाफ के हेड कांस्टेबल इरफान ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी टीम बीती 11 जनवरी को मित्रोल गांव के बस अड्डे पर गश्त कर रही थी।

इस दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि नूंह के गांव रीठट का रहने वाला आरोपी अपने साथियों के साथ पिछले कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर से चोरीशुदा गाड़ियों को कम दामों पर खरीदता है और इन गाड़ियों को अलग-अलग हिस्सों में काटकर उनके स्पेयर पार्ट्स को कम दामों में बेचने का काम करता है। इस काम के लिए उन्होंने गांव सराय में एक वर्कशॉप बनाई हुई है। आज भी उक्त आरोपी वर्कशॉप में चोरी की गाड़ियों को काटकर अलग-अलग कर रहे हैं। इसके बाद टीम ने मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्हें वर्कशॉप में चार युवक मौजूद मिले। आरोपितों ने हाथों में औजार लिए हुए थे और एक सिल्वर रंग की वैगनआर कार को अलग-अलग टुकड़ों में काट रहे थे। आरोपित पुलिसकर्मी को देखकर इधर-उधर भागने लगे।

मौके पर पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ लिया, जबकि वर्कशॉप संचालक मौके से भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने जाँच पड़ताल की तो पता चला कि वर्कशॉप से बरामद हुई वैगनआर कार बीती आठ जनवरी को फरीदाबाद के थाना मुजेसर से चुराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और कार एवं पार्ट्स को अपने कब्जे में लेकर मुंडकटी थाना मे मामला दर्ज किया गया। आरोपियों से अन्य वारदात बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपियों को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# 24 जनवरी को होगी गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल



**खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** उपमंडल अधिकारी नागरिक हथीन लक्ष्मी नारायण ने शुक्रवार को सचिवालय के अपने कार्यालय सभागार में खंडस्तरीय गणतंत्र दिवस को धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले खंड स्तर के गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन अनाज मंडी हथीन में किया जाएगा। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां एवं प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपमंडल अधिकारी नागरिक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों के चयन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाते हुए कहा कि सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सामाजिक उपदेश, राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एंबुलेंस, पेयजल, बिजली आपूर्ति, रंगोली, साफ-सफाई, पुलिस विभाग यातायात, झंडे, साजो-सज्जा, टैंटेज, चूना, बेरिकेड, साउंड सिस्टम, शौचालय व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल करवाई जाएगी। गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को समय पर पूरी कर लें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सगीर अहमद, नगर पालिका हथीन के सचिव देवेंद्र माथुर, आईटीआई के प्रधानाचार्य, सीडीपीओ, मार्केट कमेटी के सचिव सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

# जीवन कौशल विकास कैंप का हुआ समापन

**बालिकाओं को एक्टिविटी माध्यम से जीवन के विभिन्न कौशल प्रशिक्षण दिया**




**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** जीजीएमएस हथीन के प्रांगण में पिछले 5 दिन से जीवन कौशल विकास कैंप चल रहा है। जिसमे कक्षा छठी से आठवीं तक की बालिकाओं को एक्टिविटी माध्यम से जीवन के विभिन्न कौशल प्रशिक्षण दिया गया। आज कैंप के समापन के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीजेपी राज्य कार्यकारणी के वरिष्ठ सदस्य सूरज पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हथीन सगीर अहमद, बीजेपी के सैनिक प्रकोष्ठ के सदस्य पंडित मोतीराम, व्यापार मंडल हथीन के अध्यक्ष नरेश चौधरी, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष राकेश गर्ग, बीजेपी नेता सुधीर राजपूत विशेष रूप से मौजूद रहे।विद्यालय के हेडमास्टर बाबूराम इस पूरे कार्यक्रम का पिछले 5 दिन से संचालन कर रहे थे। रविंद्र दीक्षित ने बताया की पुलिस विभाग से डीएसपी सुरेश भड़ाना, चिकित्सा विभाग से डॉक्टर आशुतोष, डॉक्टर नितिका, पोस्ट ऑफिस विभाग से अशोक कुमार, हॉर्टिकल्चर विभाग से योगेश आदि ने बच्चों को विभिन्न विषय पर जानकारी दी।

# पंचायत करें स्वास्थ्य विभाग के नाम जमीन तो स्वास्थ्य उपकेंद्रों को मिलेगी सुविधा

**गांव में बनी सभी डिलीवरी हटो को एनएचएम ने किया डिसक्वालीफाई**

**सोहना नागरिक अस्पताल का 100 बेड़ो का नक्शा तैयार जल्द होगा काम शुरू**

**बेहतर सफाई व्यवस्था को लेकर नागरिक अस्पताल को मिला एक लाख : सिविल सर्जन विरेंदर यादव**



**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** सिविल सर्जन वीरेंद्र यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने सामुदायिक उप केदो में स्वास्थ्य विभाग के नाम जमीन आने पर उन्हें तमाम सुविधाओं से लैस किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुली डिलीवरी हटो को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। सोहना में बनने वाले 100 बेड के नागरिक के लिए नक्शा तैयार हो चुका है और जल्द ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल के अंदर जर्जर इमारत को जल्द ही तुड़वाकर उनकी जगह नई इमारत बनाई जाएंगी। नागरिक अस्पताल में जल्द ही तमाम स्टाफ की नियुक्ति करने की भी बात कही व कहा कि जल्द ही सोहना में डिजिटल एक्स-रे की व्यवस्था भी कर दी जाएगी। सिविल सर्जन सोहना में आयोजित कायाकल्प कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वच्छता साफ सफाई व्यवस्था को लेकर सोहना नागरिक अस्पताल को प्रोत्साहन राशिप्रदान की। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वच्छता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए 15 मई 2015 को एक राष्ट्रीय पहल शुरू की थीं। इस मौके पर सोहना के एस एम ओ इंद्रजीत स्टाफ के 90 लोगों को सम्मानित किया गया।

# धनौंदा के एमएससी पास किसान ने रेतीले टीलों में उगाई स्ट्राबेरी

**लाखों का मुनाफा देख,दूर-दराज से देखने आ रहे किसान**

**निजी स्कूल में अध्यापन की नोकरी छोडकर अपनायी आधुनिक कृषि**



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव धनोंदा निवासी एमएससी पास किसान दीपक ने रेतीले टीलों ने स्ट्राबेरी की खेती कर किसानों को आकर्षित किया है। निजी स्कूल में अध्यापन का कार्य छोड कर दीपक ने बागवानी विभाग से प्रशिक्षण लेकर कृषि कार्य शुरू किया जो अब महारत हासिल कर रहा है। उनके पास 4 कामगार कार्य कर रहे हैं। अब वह नोकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला है। पिछले करीब 5 वर्षों से बदल कर खेती कर रहा है। जिसका खासा फायदा मिल रहा है। किसान दीपक ने बताया कि उनकी ओर से हिमाचल प्रदेश से पौध लाकर एक एकड़ भूमि में स्ट्राबेरी की खेती की है,जो बेहतरीन हालात में है यह मार्च माह तक यह तैयार होगी। उन्होंने कहा क एक एकड़ स्ट्राबेरी पर 3 लाख रूपये की लागत आई थी, अब तक उनकी ओर से तीस हजार रूपये की बिक्री की जा चुकी है। इस खेती पर उन्हें एक लाख रुपये का मुनाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से भिवानी जिले के किसानों को चालीस हजार रूपये प्रति एकड़ का अनुदान दिया जा रहा है जबकि महेन्द्रगढ़ जिले के किसानों को अनुदान से वंचित रखा गया है। उन्होंने बताया कि फसल को सर्दी से बचाने के लिए मलचिंग विधि को अपनाया गया है। इसी विधि के अनुरूप उनकी ओर से तरबूज लगाया गया है। जिस पर बागवानी विभाग की ओर से 40 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान का प्रावधान है।

प्रगतिशील किसान दीपक ने बताया कि वह पूर्ण रूप से प्राकृतिक खेती कर रहा है। जिसमें स्वयं की ओर से तैयार की गई वर्मी कम्पोस्ट खाद का इस्तेमाल किया जाता है। उनकी ओर से वर्मी कम्पोस्ट खाद चार बैड से बनाना शुरू किया था, आज उनके पास करीब एक सो बैड बने हुए हैं जिनसे वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार की जा रही है। किसान की ओर से इस खाद की 700 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक्री की जाती है। जिससे अच्छा खासा मुनाफा होता है। खाद को लेने किसान दूर-दूराज से आते है। प्रदेश सरकार की ओर से खाद का प्लांट लगाने पर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान देती है। फसल में सिंचाई के लिए 75 फसदी अनुदान पर सोलर सिस्टम लगाया हुआ। जिससे बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ता। मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई की जाती है जिससे बिजली व पानी दोनों की बचत होती है।

# विकसित भारत संकल्प-यात्रा के तहत नूँह विधानसभा के गाँव भपावली में हुआ संवाद कार्यक्रम

**कार्यक्रम में भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे मुख्य अतिथि**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता एस डी एम नूँह अश्वनी कुमार ने की**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने तरक्की व विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है तथा देश लगातार तेजी से तरक्की कर रहा है। मोदी की गारंटी वाली वैन से देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारत बहुत जल्द नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित देशों की सूची में आने वाला है। उक्त बातें शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने नूँह विधानसभा के गाँव भपावली में *विकसित भारत संकल्प यात्रा* के दौरान संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। शुक्रवार को भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन भपावली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करने पहुंचे थे तथा अध्यक्षता नूँह के एसडीएम अशविनी कुमार ने की। गाँव में पहुंचने पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का ग्रामवासियों ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्यों व गाँववासियों को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई तथा संकल्प यात्रा में लगी सभी विभागों की स्टालों का अवलोकन किया। ज़ाकिर हुसैन ने ड्रॉन को चलाया तथा ड्रॉन द्वारा किस तरह से फसलों के लिए उपयोगी है, लाभदायक इस बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच स्वालिहीन, पूर्व सरपंच फकरू आदि के अलावा सैंकडों ग्रामवासी व महिलाएँ मौजूद रहीं।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों की फिक्र हमेशा अपने साथ रखते हैं। उनके विकास व तरक्की के लिए उन्होंने बहुत सी लाभकारी योजनाएँ चलाई हैं। उन्हीं योजनाओं को घर-घर व आम जन तक पंहुचाने के लिए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई है। इस योजना से हर आम जन को फायदा पंहुचेगा। क्योंकि सरकार हर द्वार तक पंहुचकर लोगों को लाभकारी योजनाएँ देने का काम कर रही है। यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी विकास व रोजगार के मामले में प्रदेश को नए शिखर पर पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जितना विकास भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 9 वर्षों में किया है कांग्रेस व अन्य सरकारे 70 वर्षों में भी नहीं करा पाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उज्जवला योजना से वंचित गाँव की महिलाओं को गैस सिलेंडर के कनेक्शन भी मौके पर ही दिए गए तथा ग्रामवासियों को लाल डोरे की रजिस्ट्रियों को भी सौंपा। सरकार द्वारा लोगों की घर बैठे रजिस्ट्रियों को भी खुद ब खुद दर्ज करा दिया गया है। लोगों को कहीं पर भटकना नहीं पड़ा है। इससे लोगों में भारी खुशी देखी गई।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य बिंदु रहे:**

ग्रामवासियों की सभी समस्याओं का निवारण जिला के सभी अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर ही निवारण किया गया। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की हर विभाग की लाभकारी योजनाएं:- गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए चलाई गई हैं उनके बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर ही पीपीपी आईडी संबंधी, आधार कार्ड, वोटिंग कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेंशन आदि संबंधी नए बनाए गए तथा इनमें त्रुटियों का मौके पर ही समाधान किया गया। सरकार द्वारा दिए जा रहे पशु लोन, छोटे व्यापार लोन के बारे में बताया गया तथा मुफ्त दवाईयां, मुफ्त गैस चुल्हा कनेक्शन आदि मौके पर दी गई। एलईडी के माध्यम से गाँववासियों को सरकार की सभी योजनाओं के बारे में बताया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें। गांववासियों की समस्याओं को हल करने के लिए सभी विभागों के अधिकारीगण मौके पर ही मौजूद रहे।

सिटी 24 न्यूज
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# समाज के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे युवा : बंडारू दत्तात्रेय

## राष्ट्रीय युवा दिवस' पर राज्यपाल ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से किया संवाद



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं से आह्वान किया कि वे अपना जीवन समाज के प्रति समर्पित करें और वंचित लोगों के उत्थान के लिए कार्य करें। इस तरह युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने में सक्षम बनेंगे जोकि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित 'युवा संवाद-2024' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

कार्यक्रम में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री मूलचन्द शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में फरीदाबाद से विधायक नरेन्द्र गुप्ता, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुनीश वशिष्ठ, विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह भी उपस्थित थे। इससे पहले राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किये, जिसकी राज्यपाल ने खुले दिल से सराहना की।

राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक सच्चे कर्मयोगी थे और उन्हें इस देश के युवाओं पर पूरा भरोसा था। उनका दृढ़ विश्वास था कि युवा अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और आध्यात्मिक शक्ति के माध्यम से भारत के भाग्य को बदल सकते हैं। युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद देश के लिए ऐसे युवा चालते थे जो जिसके पास लोहे के समान कठोर मांसपेशियां और स्टील के समान फौलादी नसें हों। उसका हृदय विशाल हो। इस तरह उन्होंने युवाओं में बुनियादी मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की। राज्यपाल ने कहा कि आज के युवा का पूरा ध्यान बुद्धि कौशल पर है, जिससे वह शारीरिक रूप कमजोर होता जा रहा है।

कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक बनाये कि वे कम से कम एक घंटा मैदान पर बिताये और फिटनेस गतिविधियों से जुड़े। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि यदि शरीर स्वस्थ होगा तो सब कुछ हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को जिम, योग, ध्यान और सूर्य नमस्कार जैसी गतिविधियों से खुद को जोडना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश खेती, खेल, रक्षा और उद्योग सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिसमें युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय सेनाओं में हर 10वां सैनिक हरियाणा से है। बिना नाम लिये पड़ोसी प्रदेश (पंजाब) में नशा से बदहाल युवाओं की स्थिति का उल्लेख करते हुए मूलचन्द शर्मा ने कहा कि आज नशा युवाओं में एक बड़ी बीमारी है। इस बीमारी से दूर रखने के लिए युवाओं को अच्छे संस्कार देने होंगे।

कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और माइनर डिग्री पाठ्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. मुनीश वशिष्ठ ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर नगर निगम कर्मचारियों को किया जाएगा नियमित : सुशील गुप्ता




सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने आज यहां सेक्टर 12 स्थित न्यायालय परिसर में नगर निगम एवं नगर पालिका संगठनों के पदाधिकारियो, सदस्यों और कर्मचारी से रूबरू होते हुए यह वादा किया । इस संबंध में नगर पालिका हरियाणा संगठन के नेता नरेश शास्त्री के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने सुशील गुप्ता को ज्ञापन सोपा। उन सभी से रूबरू होते हुए सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में अगर आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर नगर निगम एवं नगर पालिकाओं में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को भी नियमित कर दिया जाएगा। यूनियन के नेता नरेश शास्त्री और उनके साथियों ने सुशील गुप्ता को अवगत कराते हुए बताया कि काफी लंबे समय से हरियाणा में नगर निगम में नगर पालिकाओं के सैकड़ो कर्मचारी अभी तक कच्चे तौर पर ही कार्य कर रहे हैं और उन्हें उनकी सर्विस का पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा है जिससे कि उनको अपने घर का गुजारा करने में भी दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से नगर निगम के कच्चे कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए उनका नियमित होना अत्यंत आवश्यक है । सुशील गुप्ता ने नरेश शास्त्री व उनके साथियों को आश्वासन दिया कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उनकी लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा करके समस्या का समाधान कर दिया जाएगा और कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा । नरेश शास्त्री ने श्री सुशील गुप्ता द्वारा उनको दिए गए इस आश्वासन पर उनका आभार जताया। अवसर पर नरेश शास्त्री सहित उनके अनेक संगठन पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।इस मौके पर सुशील गुप्ता के साथ आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भडाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, लोकसभा सचिव हरदीप बैसला, दिनेश एडवोकेट तथा विजय गोदारा प्रमुख रूप से उपस्थित थे नरेश शास्त्री ,दिलीप बोहत ,अनूप चंडालिया, गुरु शरण ,खंडिया सुदेश कुमार ,राकेश चंडालिया, अनिल चंडालिया ,कृष्ण चंडालिया, दर्शन सिंह ,सोय राम ,रतन कर्दम, देवी चरण शर्मा ,बलबीर बाल ,गोहर शक्ति उज्जैन वाल ,श्रीपाल मौर्य भी मौजूद रहे।

# गाय एवं घर में माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : मूलचंद शर्मा




### कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने 3 गौशाला में किया लाख 78 हजार रुपये की धनराशि का चेक भेंट

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को ऊंचा गांव की गौशाला पहुंचकर यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में गोधन के चारे के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से गौशाला की संस्था के सभी पदाधिकारियों के समक्ष 3 लाख 78 हजार रुपये की धनराशि का चेक भेंट किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जब साल 2014 में वह बल्लभगढ़ विधानसभा के विधायक बनकर गौशाला पहुंचे थे। उस समय गौशाला की हालत बहुत ही दयनीय स्थिति में थी। यहां गहरे गड्ढे बने हुए थे। उन्होंने कहा कि आज गौशाला बहुत ही सुंदर बनी हुई है। उन्होंने इस कार्य के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी को सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने भागवत कथा कर रहे व्यास जी महाराज से भी आशीर्वाद लिया। श्रीमद् भागवत कथा सुनाने आए भक्तों को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा का किया जाना बहुत ही गुणकारी है। उन्होंने कहा कि सभी को गाय की सेवा करने एवं घर में माता-पिता की सेवा करने से बङा और कोई पुण्य का काम नहीं है का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पाठ सुनने से नहीं बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाने से ही लाभ होगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि हाल ही में हरियाणा सरकार ने प्रदेश की रजिस्टर्ड गौशालाओं को करीब 20 करोड़ रुपए की धनराशि चारे के लिए जारी की है। जिसमें इस गौशाला के लिए भी 3 लाख 78 की राशि दी गई है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सेवा आयोग के माध्यम से हरियाणा में गौ सेवा का जो कार्य किया है, वह बहुत ही सराहनीय है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर ऊंचा गांव के लोगों को साहूपुरा रोड के साथ-साथ मीठे पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य का भी मुहूर्त किया । उन्होंने कहा कि करीब 10 लाख रुपए की लागत से यह पानी की पाइपलाइन डाली जाएगी। जिससे ऊंचा गांव के निवासियों को अंतिम छोड़ तक पीने के लिए मीठा पानी मिलेगा। इस अवसर पर गौशाला के पदाधिकारी सुरेंद्र शेखावत ने मूलचंद शर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री ने को गौशाला के लिए तन मन धन से उनका साथ दिया है। उन्होंने गोशाला को सुंदर बनाने का काम किया है। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास के नए आयाम स्थापित करने के ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, गौशाला के प्रधान रुपेश यादव,सुरेंद्र शेखावत, बनवारी लाल गर्ग,नारायण सिंह, पवन सैनी, डॉक्टर हेमंत, हरप्रसाद गोड, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, राकेश गुर्जर, लखन बेनीवाल, पीएल शर्मा, योगेश शर्मा, जितेंद्र बंसल, सतवीर शर्मा सहित ऊंचा गांव के गणमान्य लोग मोजूद रहे।

# रमेश डागर निर्विरोध चुने गए हरियाणा एजुकेटर्स क्लब का अध्यक्ष



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर -88 में हरियाणा एजुकेटर्स क्लब की एजीएम का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली एन सी आर सहित पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी आदि प्रमुख शहरों के लगभग 100 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। इसमें सभी अतिथिगणों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। नन्हीं छात्राओं द्वारा ईश वंदना प्रस्तुत की गई। इसमें पिछले वर्षों के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस क्लब का विस्तार दिल्ली एन सी आर से निकल कर अब पलवल, सोनीपत, रेवाड़ी, मुंबई, तक हो गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करना, प्रिंसिपल ट्रेनिंग का आयोजन करना, सरकारी स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं प्रदान करना, विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन करना आदि है। तत्पश्चात अगले तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का भी चयन किया गया। जिसमें श्री रमेश डागर जी को निर्विरोध अगले तीन वर्षों के लिए हरियाणा एजुकेटर्स क्लब का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया, जिसमें अनिल रावल को समन्वयक, मिस अनीता गौतम और मिस ममता वाधवा को उपाध्यक्ष, गौरव पाराशर को महासचिव, ऊधम सिंह अधाना को कोषाध्यक्ष, श्रीमती राखी वर्मा को सचिव, मिस दीप्ति जगोटा को सचिव (प्रशिक्षण व संवर्धन), देवेंद्र चौधरी को कानूनी सचिव, विनय गोयल को संयुक्त सचिव, सुनील डांगी को जन संपर्क अधिकारी, डॉ. सी वी सिंह, मिस ज्योति दहिया, मिस सपना डागर/श्री अजीत डागर, शिव कुमार को कार्यकारिणी सदस्य और अमन सलूजा को अतिरिक्त सचिव ( डिजिटल प्रमोशन) चुना गया। सभी के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एस आर एस इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा मिश्रा व स्कूल मैनेजर तेज प्रकाश पांडेय ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# सेल्फ इम्पोवरमेंट से युवा और महिलाएँ लायें समाज में बदलाव : डॉ बिन्नी सरीन



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन शुक्रवार को नारी शक्तियों और ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट ने अपने विचारों का सांझा किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण की मानद महासचिव श्री मती रंजिता मेहता ने कहा कि बच्चों के प्रति हमारा व्यवहार हमेशा अच्छा होना चाहिए ताकि हम उनको समझा सके की उनको जिंदगी में आगे सही दिशा में जाना है और क्या सही और गलत उसका चुनाव करना है। आज समाज में जब 12 या 13 वर्ष की बच्ची मां बनती है तो उसका भविष्य क्या होगा ऐसा न हो इसके लिए हमें अपने बच्चो को सेक्स एजुकेशन देना बहुत जरूरी है ताकि समय के साथ साथ शरीर में होने वाले बदलाव को वो समझ सकें।

### साइबर फ्रॉड और सेक्स्टोरशन से युवाओं को बचाने की ज़रूरत : डीआईजी नाजनींन भसीन

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जो अपने बच्चो का पालन पोषण नहीं कर सकते वह उन्हें कूड़ेदान, झाडिय़ों, सार्वजनिक शौचालय में ना फेंके। वह लोग हमारे माध्यम से बच्चो को एडॉप्ट करा सकते है। जिससे उन्हें अच्छी शिक्षा मिले और भविष्य में वे देश की प्रगति का हिस्सा बने। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की पहली ट्रांसजेंडर स्टूडेंट धनंजय चौहान ने बताया कि ट्रांसजेंडर एक खूबसूरत शाम की तरह होते है। उन्होंने इतिहास पर बोलते हुए कहा कि भक्ति सूफ़ी व देवदासी प्रथा शुरू करने वाले ट्रांसजेंडर ही थे, आज उन्हें थर्ड जेंडर बना दिया गया है। जब सब लोग एक जैसे है तो जेंडर का भेदभाव समाज में क्यों किया जाता है जबकि ट्रांसजेंडर्स का इतिहास में एहम रोल रहा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि ट्रांसजेंडर्स के लिए नौकरी में विशेष प्रावधान करें जिससे ट्रांसजेंडर भी अपने इंटरेस्ट और गोल को प्राप्त कर सकें। माउंटेनियर (एवरेस्टर) अनीता कुण्डू ने कहा कि इंसान अपने विचारों से आगे बड़ता है। विचारों की शक्ति से हम कोई भी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि माँ और नारी का समाज में बहुत महत्त्व है तो नारी को सशक्त बना कर हम समाज को आगे बढने. में मदद कर सकते हैं। अगर एक महिला ठान ले की मैने दस महिलाओं को सशक्त बनाना है तो जल्द ही समाज में सभी महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बन जाएगी। हरियाणा पुलिस में डीआईजी पद पर नाजनींन भसीन ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि आजकल सोशल मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स का दौर चल रहा है, युवाओं को अपना ध्यान एक जगह केंद्रित करके अपने गोल पर फोकस करना चाहिए। आजकल युवा को साइबर फ्रॉड, सेक्स्टोरशन जैसे अपराधों से बचने की ज़रूरत है। युवा सही राह पर चलते हुए समाज में सेफ इंवायरन्मेंट प्रदान कर सकते हैं। अगर नशा करना है तो इस बात का नशा करो कि अपनी जिंदगी को आगे विकसित करने का करो। ब्रह्माकुमारी बहन डॉ बिन्नी सरीन से कहा कि महिलाओं और यूथ इम्पावर्नमेंट के लिये सेल्फ इम्पोवरमेंट ज़रूरी है। हमें सेल्फ इम्पोवरमेंट कि लिये अपनी संस्कृति से जुडना होगा। मैडिटेशन से अगर हम अपनी ऊर्जा को सही जगह केंद्रित करें तो हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन दीप भाटिया,महिला एवम बाल विकास की डायरेक्टर मोनिका मालिक, महिला एवम बाल विकास की कम्मीशनर अमनीत पी कुमार, सुश्री साक्षी दहिया, ब्रह्माकुमारी डॉक्टर बिन्नी सरीन, चंडीगढ़ ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुश्री धनंजय चौहान, बाइकर गुरुग्राम सुश्री निहारिका यादव, पर्वतारोही एवं ओएसडी सीएम एमएस अनिता कुंडू, नेपाल ट्रेकिंग बहन लकी और छेत्री, सुश्री शक्ति समूह नेपाल, सुश्री नेलोफर करीमभोय पूर्व ऑक्सफोर्ड छात्र संघ नेता सुश्री रश्मि सामंत, ऑस्ट्रेलिया सुश्री रश्मि खन्ना हैदराबाद, एमएस सरला कॉर्पोरेटर भी मौजूद रही।

# पुरानी पेंशन बहाली व ठेका कर्मियों को नियमित करने की मांग की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : धर्मेंद्र तेवतिया

## बिजली कर्मियों के सर्व सम्मति हुए चुनाव में धर्मेंद्र रावत प्रधान व जुनैद खान को सचिव चुना गया



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन की सब अर्बन सब यूनिट सेक्टर 58 के कर्मचारियों की शुक्रवार को आम सभा का आयोजन की गया। आम सभा में सर्व सम्मति से संपन्न हुए चुनाव में धर्मेंद्र रावत को प्रधान और जुनैद खान को सचिव चुने गए। यूनियन की बल्लभगढ़ यूनिट के प्रधान रामकेश साहरण व सचिव धर्मेंद्र तेवतिया की देखरेख में संपन्न हुए इन चुनाव में इनके अलावा देवेन्द्र को वरिष्ठ उप प्रधान, बलदेव सिंह को उप प्रधान, सतीश कुमार को सह सचिव,पवन राणा को कैशियर, सुशील कुमार को प्रेस सचिव और राजकुमार, जयसिंह,नेमचंद व बिज्जी को संगठनकर्ता चुना गया। इस अवसर पर यूनिट कमेटी के पर्यवेक्षक के तौर पर यूनिट प्रधान रामकेश सारण, सचिव धर्मेंद्र तेवतिया, उप प्रधान नवीन रावत व सुनील शर्मा मौजूद रहे। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के प्रधान रामकेश साहरण व सचिव धर्मेंद्र तेवतिया ने कर्मचारियों की आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता के नशे में चूर सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, कौशल रोजगार निगम भंग कर ठेका कर्मियों को नियमित करने, समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, निजीकरण पर रोक लगाने, खाली पदों को भरने, अनियमित व ठेका कर्मचारियों को पांच हजार रुपए रिस्क अलाउंस देने, एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाने, केन्द्र की तर्ज पर हाउस रेंट के स्लैब में बदलाव करने आदि मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके विपरित बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 को पास कर वितरण प्रणाली को निजी हाथों में सौंपने के प्रयास किए जा रहे हैं। कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं के विरोध के बावजूद 11 केवी फीडरों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे आंदोलन के बाद बिजली मंत्री से हुई बातचीत में मानी हुई मांगों को भी लागू नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और वह अब निर्णायक आंदोलन की तैयारी में है।